


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 269 | ग्वालियर, सोमवार 02 नवम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज़ ट्रैक



### भिखारी के बैंक अकाउंट में मिले डेढ़ करोड़ रुपये, 5 मकानों की भी मालकिन, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक भिखारी के बैंक अकाउंट में एक करोड़ 42 लाख रुपये जमा होने का मामला सामने आया है. साथ ही महिला भिखारी के नाम पर पांच मकानों का भी पता चला है. भिखारी की उम्र 57 साल है. रिपोर्ट के मुताबिक, महिला भिखारी व्हीलचेयर पर रहा करती थी और खुद को ऐसे दिखाती थी जैसे उसका पैर कट गया हो. वह इजिप्ट के कई राज्यों में घूम-घूमकर भीख मांगा करती थी. भीख मांगने के वक्त महिला व्हीलचेयर पर होती थी, लेकिन बाकी समय वह अपने पैरों से चलती थी. बताया जाता है कि जब एक व्यक्ति ने महिला को अपने पैरों से चलते देखा तो मामले का खुलासा हुआ. महिला का नाम नफीसा बताया गया है. पुलिस को जांच में यह भी पता चला है कि महिला को कोई भी बीमारी नहीं है. जांच के दौरान ही भिखारी के दो बैंक अकाउंट में एक करोड़ 42 लाख रुपये जमा होने की जानकारी मिली.

### फ्लिपकार्ट के गोदाम में लाखों की लूट 18 सेकंड में हाथ साफ कर गए चोर



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में फ्लिपकार्ट के गोदाम में लाखों की डकैती सामने आई है. गोदाम में 5 युवक पिस्टल लेकर आए और 18 सेकंड में लूटकर फरार हो गए. लूट के बाद आसपास के इलाकों में दहशत है. लूट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. पुलिस जल्द ही इस डकैती का खुलासा करने की बात कह रही है. यह मामला रामपुर के कोतवाली सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आगापुर रोड पर लोहिया पार्क के सामने बने फ्लिपकार्ट गोदाम का है. शनिवार रात गोदाम में डिलीवरी ब्वॉय काम कर रहे थे. इसी दौरान पांच युवक पिस्टल लेकर आए. उनके मुंह कपड़े से ढके हुए थे. महज 18 सेकंड में पिस्टल के बल पर पैसों सहित लाखों के सामान लूटकर फरार हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. जहां उन्होंने गोदाम में काम कर रहे कर्मचारियों से बातचीत की और घटना की पूरी जानकारी ली. वहीं इस घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम ने बताया कि 9˜45 बजे हमें सूचना दी गई कि फ्लिपकार्ट के गोदाम में लूट हो गई है. इनका एक खुला कार्ड बोर्ड का बॉक्स है जिसमें डिलीवरी ब्वॉय कैश ऑन डिलीवरी का पैसा रखते हैं. उन्होंने आगे बताया कि ठीक इसी दौरान बाइक से कुछ लड़के फ्लिपकार्ट के गोदाम में आए और सीधा बक्सा उठाया और चले गए.

### सूरतः इस दुकान पर बिक रही है 9000 रुपये किलो मिठाई



**सूरत।** त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है. देश भर में दिवाली मनाने की तैयारी चल रही है. इसी बीच गुजरात के सूरत में मिठाई की दुकान पर एक स्थानीय मिठाई 9000 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है. इस खास स्थानीय मिठाई को अलग अंदाज में बनाया गया है. दरअसल, गोल्ड घारी नाम की मिठाई सूरत की स्थानीय मिठाई है. इसे चने की दाल, घी और सूखे मेवे डालकर बनाया जाता है. इसे सेव, गांठिया, फ्राई पोहे, बूंदी और पापड़ी के मिक्चर भूसू के साथ परोसा जाता है. न्यूज एजेंसी एएनआई ने इस दुकान की और इस मिठाई की तस्वीरें शेयर की हैं. तस्वीरों में साफ दिखा रहा है कि सुनहरे रंग की ये मिठाई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रही है. गुजरात में यह घारी मिठाई दिवाली और दूसरे त्योहारों में खूब बिकती है. सूरत शहर में इस मिठाई की बिक्री खासतौर पर ज्यादा होती है. 820 रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाली यह मिठाई फिलहाल 9000 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है. मिठाई दुकानदार का कहना है कि महंगी इसलिए है क्योंकि गोल्ड घारी पर सोने का वर्क किया गया है. सोना स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है. फिलहाल इसकी डिमांड कम है लेकिन उम्मीद है कि आने वाले दिनों में डिमांड बढ़ेगी और लोगों को यह मिठाई पसंद भी आएगी.

### पश्चिमी चंपारण में पीएम मोदी बोले, सीएए पर झूठ फैलाया

# 1 साल होने को है, किसी की नागरिकता गई क्या ?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतदाताओं ने को कहा कि उन्हें जंगल राज की किसी भी हालत में वापसी नहीं होने देना है. पीएम ने कहा कि याद कीजिए जंगल राज को जब लोग अपने घरों को सामने से सजाते नहीं थे, बड़े घर बनाते नहीं थे, अपने ही घर को सामने से पुराना करके रखते थे. उन्हें डर था, खौफ था. घर जितना अच्छा, किडनैपिंग उतनी जल्दी. घर जितना बड़ा, रंगदारी भी उतनी बड़ी. पीएम ने कहा कि जब लोग नई गाड़ी खरीदते थे तो उसमें खुद खरोंच लगा देते थे, ताकि किसी की नजर न पड़े. पीएम ने कहा कि बिहार ने वो दिन भी देखे हैं जब रंगदारी की शिकायत करने के लिए, लोग



किसी के पास जाते थे, तो उन्हें डबल रंगदारी देनी पड़ती थी. गाड़ी लूटी जाने की शिकायत करने के लिए लोग, जिसके पास अर्जी लेकर जाते थे, वो खुद लुटेरों के साथ घर में बैठा मिलता था. विपक्ष पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झूठ बोलकर, लोगों को डराकर ये लोग हमेशा अपने स्वार्थ की सिद्धि करते रहे हैं, आप लोगों का विश्वास तोड़ते रहे हैं. पीएम ने कहा कि जब नागरिकता संशोधन कानून आया तो इन्होंने झूठ फैलाया कि बहुत सारे भारतीयों की नागरिकता चली जाएगी. अब एक साल होने को है, लेकिन क्या किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता गई.

#### धारा 370 पर कुछ लोगों ने झूठ बोला-पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाई गई तब कुछ नकारात्मक लोगों ने कहा कि कश्मीर में आग लग जाएगी...खून की नदियां बह जाएंगी... न जाने क्या क्या बोला गया...गर्भनाल का संबंध खत्म हो जाएगा. लेकिन क्या हुआ? आज जम्मू कश्मीर और लद्दाख शांति से विकास के नए पथ पर अग्रसर हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरे देश के सहयोग से, जनभागीदारी से, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो रहा है. पीएम ने कहा कि लेकिन इस समय भी आपको उन लोगों को नहीं भूलना है, जो भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल खड़े कर रहे थे, राम मंदिर निर्माण में अड़चनें खड़ी कर रहे थे. पीएम ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का इंतज़ार भी हमारे वनवासी साथी, पीढ़ियों से कर रहे थे.

### बिहार चुनावः दूसरे चरण की 94 सीटों के लिए थमा प्रचार का शोर, 3 को वोटिंग

# तेजस्वी-तेजप्रताप समेत कई दिग्गज हैं मैदान में

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 17 जिलों की 94 सीटों के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार की शाम को थम गया। कुल 1463 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें 1316 पुरुष, 146 महिला एवं एक थर्ड जेंडर की प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण में 623 निबंधित गैर मान्यता प्राप्त दलों से तो 513 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जिन चुनाव क्षेत्रों में चार बजे तक मतदान होना है वहां



रविवार की शाम चार बजे और जिन क्षेत्रों में छह बजे तक मतदान होना है वहां शाम छह बजे के बाद चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व इन सीटों के प्रत्याशी सिर्फ व्यक्तिगत जनसंपर्क के माध्यम से ही अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर सकेंगे। सभी प्रकार की चुनावी सभा, नुक्कड़ सभा इत्यादि, दृश्य एवं श्रव्य माध्यम से होने वाले चुनाव प्रचार पर तत्काल प्रभाव से रोक लग गई।

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता - | 2,86,11,164 |
| पुरुष मतदाता - | 1,50,33,034 |
| महिला मतदाता - | 1,35,16,271 |
| थर्ज जेंडर - | 980 |
| सर्विस वोटर - | 60,879 |
| कुल मतदान केंद्र - | 41,362 |

#### आठ निर्वाचन क्षेत्रों में शाम चार बजे तक ही होगा मतदान

दूसरे चरण के आठ निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। इनमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का चुनाव क्षेत्र राघोपुर भी शामिल है। जबकि शेष 86 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। दूसरे चरण में महाराजगंज में सबसे अधिक 27 प्रत्याशी और दरौली (सु) में सबसे कम 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदाता की संख्या के आधार पर सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र दीघा है तो सबसे छोटा चुनाव क्षेत्र चेरिया-बरियापुर है।

#### इस चरण में कई प्रमुख नेता चुनाव मैदान में

इस चरण में भाजपा कोटे से दो मंत्री पटना साहिब से नंद किशोर यादव व मधुबन से राणा रणधीर सिंह, कुम्हरार से विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक अरुण कुमार सिन्हा, जदयू कोटे से नालंदा से श्रवण कुमार, चेरिया बरियारपुर से पूर्व मंत्री मंजू वर्मा, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव सहित अन्य प्रमुख नेता चुनाव मैदान में हैं।



### निकिता हत्याकांड पर महापंचायत में उपद्रव

## पुलिस बोली- भीड़ ने रोड जाम किया, पत्थर बरसाए

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के बल्लभगढ़ में निकिता हत्याकांड को लेकर बवाल बढ़ गया है. इस मामले में रविवार को महापंचायत बुलाई गई थी, महापंचायत के बाद दिल्ली-आगरा हाईवे पर जमकर हंगामा हुआ. भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा. डीसीपी सुमेर ने कहा कि महापंचायत करने की अनुमति नहीं दी गई थी. साथ ही भीड़ ना जुटाने के लिए भी कहा गया था. उपद्रवियों ने हाईवे जाम के दौरान पत्थरबाजी की, उन्हें काबू करने के लिए पुलिस को लाठियां चलानी पड़ी. अब हालात सामान्य हैं और उपद्रवियों की पहचान की जा रही है. क्या अब तक किसी शख्स की पहचान हो पाई है. इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी हाईवे पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे. भीड़ के बीच में घुसकर कुछ लोगों ने माहोल खराब किया है. फिलहाल हमने लोगों को समझा कर सड़क से वापस भेजा है. हमारी प्राथमिकता फिलहाल कानून-व्यवस्था बनाए रखने की है. बता दें कि निकिता हत्याकांड में रविवार को पीड़ित परिवार और उनके समर्थकों द्वारा बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में एक महापंचायत का आयोजन किया गया. महापंचायत में आए लोगों ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद और आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी दिए जाने की मांग की. इसी दौरान वहां मौजूद कुछ युवा उत्तेजित हो उठे और दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे को जाम कर दिया.

## उरई में लड़कियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को सरेआम चप्पलों से पीटा

**उरई।** उत्तर प्रदेश के उरई जिले में रेलवे स्टेशन के ठीक सामने रविवार दोपहर को दो युवतियों ने सरेआम कांग्रेसी जिलाध्यक्ष को चप्पल व जूतों से पीट दिया। कांग्रेसी जिलाध्यक्ष हाथ पैर जोड़कर युवतियों से माफी मांगते रहे पर युवतियों ने उनको नहीं बख्शा। युवतियों ने सरेआम पिटाई की वजह के बारे में बताते हुए आरोप लगाया कि काफी समय से कांग्रेसी जिलाध्यक्ष मोबाइल पर उनको परेशान कर रहे थे और पुलिस में शिकायत करने पर धमकी दे रहे थे। रविवार दोपहर को शहर की दो युवतियों ने कांग्रेसी जिलाध्यक्ष अनुज मिश्रा को झांसा देकर रेलवे स्टेशन के ठीक सामने मिलने के लिए बुलाया और कांग्रेसी जिलाध्यक्ष के आते ही दोनों ने उन पर चप्पल व जूते से बौछार कर दी। सरेआम कांग्रेसी जिलाध्यक्ष हो रही पिटाई से वहां हड़कंप मच गया पर किसी ने भी बीच-बचाव करने की जुर्रत न की। खुद जिलाध्यक्ष युवतियों के हाथ पैर पकड़ कर माफी मांगते रहे पर दोनों ने उनको नहीं छोड़ा। युवतियों ने आरोप लगाया कि पिछले काफी समय से अनुज मिश्रा मोबाइल पर परेशान कर रहे थे। अश्लील बातों के साथ-साथ उनको अकेले में मिलने के लिए बुलाते थे। उन लोगों ने कई दफा पुलिस में जाने की बात कही तो अनुज मिश्रा पुलिस का खास होने का बताकर उनको डराते धमकाते थे, जिस वजह से दोनों ने इस मामले से निजात पाने के लिए अनुज मिश्रा को मिलने के बहाने रेलवे स्टेशन के सामने बुलाया और फिर उनको सरेआम पीट दिया।

### पीएम मोदी के वार पर लालू का पलटवार

# बोले- यह डबल नहीं, ट्रबल इंजन है

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में एनडीए के लिए प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चार जनसभाओं को संबोधित किया। उनकी पहली सभा आरजेडी चीफ और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के गढ़ माने जाने वाले छपरा में हुई। यहां पर चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरजेडी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज बिहार में एक तरफ डबल इंजन की सरकार है तो दूसरी तरफ डबल-डबल युवराज हैं। उनमें से एक तो जंगलराज के युवराज हैं। पीएम मोदी के इस वार पर पलटवार करते हुए लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि यह डबल इंजन नहीं बल्कि ट्रबल इंजन की सरकार है। लालू प्रसाद यादव ने ट्वीट करते हुए पीएम मोदी के बयान पर पलटवार भी किया और साथ ही एक सवाल भी पूछा। लालू ने कहा, यह डबल इंजन नहीं, ट्रबल इंजन है। लॉकडाउन में फंसे मजदूरों को वापस लाने के वक्त डबल इंजन कहां था? छपरा की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बिहार के सामने, डबल इंजन की सरकार है, तो दूसरी तरफ डबल-डबल युवराज भी हैं। उनमें से एक तो जंगलराज के युवराज भी हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली एनडीए सरकार, बिहार के विकास के



लिए प्रतिबद्ध है, तो ये डबल-डबल युवराज अपने-अपने सिंहासन को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने परिवारवाद को लेकर भी कांग्रेस और आरजेडी पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि आज देश में एक तरफ लोकतंत्र के लिए पूर्ण रूप से समर्पित एनडीए का गठबंधन है तो दूसरी तरफ अपने निहित स्वार्थ को समर्पित पारिवारिक गठबंधन है। वहीं पीएम मोदी की रैली के बाद तेजस्वी यादव ने उन पर ट्वीट कर निशाना साधा और कुछ सवाल पूछे। तेजस्वी ने पूछा कि डबल इंजन सरकार चलते बिहार की बेरोजगारी दर 46 प्रतिशत से अधिक क्यों हैं। उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री जी ने यह नहीं बताया कि डबल इंजन सरकार के चलते बिहार की बेरोजगारी दर 46.6प्रतिशत क्यों है? बिहार के हर दूसरे घर से पलायन क्यों होता है? आंकड़ो में बिहार अपराध में अव्वल क्यों है? नीति आयोग के अनुसार शिक्षा स्वास्थ्य क्षेत्रों में बिहार फिसड्डी क्यों है? प्रधानमंत्री मोदी ने आज मोतिहारी में भी एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने 2015 बिहार चुनाव के समय जनता से कहा था कि मोतिहारी की चीनी मिल को शुरू करा कर आपके साथ चाय पियूंगा। इस वादे को याद दिलाते हुए तेजस्वी ने पीएम मोदी से मोतिहारी के चीनी मिल को लेकर भी सवाल पूछा और ट्वीट किया, आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 2014 में मोतिहारी की चुनावी सभा में कहा था कि वो मोतिहारी की बंद चीनी मिल को शुरू करवाकर अगली बार मोतिहारी आगमन पर उसमें बनी चीनी की ही चाय पिएंगे।

### कश्मीरः 3 बीजेपी नेताओं के हत्यारे का काम तमाम

# 72 घंटे के अंदर सेना ने आतंकी को किया ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में पुलिस और सुरक्षाबलों ने संयुक्त ऑपरेशन में हिजबुल मुजाहिद्दीन के चीफ कमांडर सैफुल्ला को मार गिराया है. सैफुल्ला को रियाज नायकू के मारे जाने के बाद हिजबुल ने चीफ कमांडर बनाया था. जानकारी के मुताबिक सैफुल्ला को श्रीनगर जिले के रंगरेत इलाके में हुई मुठभेड़ में मार गिराया गया है. उसके एक साथी को सेना ने जीवित पकड़ने में सफलता पाई है. सैफुल्ला को इसी साल हिजबुल ने अपना चीफ बनाया था. रंगरेत में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है. जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह के मुताबिक चंद रोज पहले हुई भारतीय



जनता पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या के पीछे सैफुल्ला का ही हाथ था. बीजेपी नेताओं की हत्या में शामिल आतंकी अब्बास हिजबुल से ही लश्कर में गया था. सेना ने 72 घंटे के अंदर ही बीजेपी नेताओं के हत्यारे का काम तमाम कर दिया. वहीं, जम्मू कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने आजतक से बात करते हुए बीजेपी नेताओं की हत्या के पीछे सैफुल्ला का हाथ होने से इनकार करते हुए कहा कि उस घटना के पीछे आतंकी संगठन लश्कर का हाथ था. उन्होंने सैफुल्ला के मारे जाने को बड़ी कामयाबी बताया और कहा कि हम उन आतंकियों की तलाश में हैं, जिनका बीजेपी नेताओं की हत्या के पीछे हाथ था.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# एक नजर...

## इंडेन ने एलपीजी रिफिल बुक करने की प्रक्रिया में किया संशोधन

### 01 नवंबर से सामान्य मोबाईल नंबर पर होगी बुकिंग

**मुरैना।** देश में चल रहे त्यौहारों के साथ, इंडियन ऑयल ग्राहक सुविधा के लिए एक और पहल के साथ आया है। इंडियन आईल ने देश भर में इंडेन एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए एक सामान्य मोबाइल नंबर शुरू किया है। अब, पूरे देश के लिए एलपीजी रिफिल बुक करने के लिए सामान्य मोबाइल नंबर 7718955555 है। इंडेन एलपीजी के ग्राहकों के लिए यह सुविधा सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध है। अखिल भारतीय एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए यह सामान्य मोबाइल नंबर-एसएमएस और आईवीआरएस के माध्यम से ग्राहक सुविधा को बढ़ावा देने और इंडेन एलपीजी रिफिल बुक करने में आसानी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका मतलब यह है कि अगर ग्राहक एक टेलीकॉम सर्कल से दूसरे राज्यों में जाते हैं, तो भी उनकी इंडेन रिफिल बुकिंग नंबर एक ही रहता है। इंडेन एलपीजी रिफिल की बुकिंग के लिए टेलीकॉम सर्किल के विशिष्ट फोन नंबरों की वर्तमान प्रणाली को 31 अक्टूबर 2020 की आधी रात के बाद बंद कर दिया जाएगा और एलपीजी रिफिल के लिए सामान्य मोबाइल नंबर यानी 7718955555 लागू हों जायेगा। इंडेन एलपीजी बुकिंग केवल ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल नंबर का उपयोग करके की जा सकती है। एलपीजी रिफिल बुकिंग और मोबाइल नंबर पंजीकरण की संशोधित प्रक्रिया इस प्रकार है-यदि ग्राहक का नंबर पहले से ही इंडेन रिकॉर्ड में पंजीकृत है, तो आईवीआरएस 16-अंकों की उपभोक्ता आईडी को सूचित करेगा। यह 16 अंकों की उपभोक्ता आईडी ग्राहक के इंडेन एलपीजी चालान, कैश मेमो, सब्सक्रिप्शन वाउचर पर उल्लिखित है। ग्राहक द्वारा पुष्टि करने पर, रिफिल बुकिंग स्वीकार कर ली जाएगी। यदि ग्राहक का मोबाइल नंबर इंडेन रिकॉर्ड्स में उपलब्ध नहीं है, तो पहली बार कॉल करते समय, मोबाइल नंबर का पंजीकरण ग्राहकों द्वारा अपनी 16-अंकों की उपभोक्ता आईडी दर्ज करके किया जाना चाहिए जो 7 से शुरू होता है। उसी कॉल सत्र के दौरान, यह प्रमाणित भी किया जाना है। पुष्टि होने पर, ग्राहक का मोबाइल नंबर पंजीकृत हो जाएगा और एलपीजी रिफिल बुकिंग स्वीकार कर ली जाएगी।

## सी.एल.सी. चतुर्थ चरण आनलाईन पंजीयन 3 नवंबर तक होगा

**मुरैना।** आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार ई-प्रवेश हेतु सीएलसी चतुर्थ चरण की विभागीय बेवसाईट में समय-सारिणी जारी की गई है। स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर हेतु अपंजीकृत आवेदकों हेतु ऑनलाईन पंजीयन आज 30 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है, जो आगामी 3 नवंबर 2020 तक होंगे तथा 2 नवंबर से 4 नवंबर तक स्नातक, स्नातकोत्तर आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन प्रारंभ होगा। महाविद्यालयों में सीएलसी तृतीय चरण के पश्चात् रिक्त रहे गए स्थानों का महाविद्यालयवार, पाठ्यक्रमवार पोर्टल पर जानकारी 3 नवंबर 2020 को प्रदर्शित होगी। 5 नवंबर से 10 नवंबर 2020 तक महाविद्यालय, पाठ्यक्रम विषय समूह का निर्धारित प्रारूप में पृथक-पृथक महाविद्यालय में विकल्प दिया जाएगा एवं महाविद्यालय द्वारा सीएलसी चरण की मेरिट सूची प्रतिदिन जारी की जाएगी। आवंटित महाविद्यालयों में पोर्टल के माध्यम से डिजिटली ऑनलाईन शुल्क का भुगतान भी किया जा सकेगा। 30 अक्टूबर से 10 नवंबर तक प्रवेशित विद्यार्थियों की पोर्टल पर ऑनलाईन रिपोर्टिंग की जाएगी।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने की नैतिक मतदान की अपील

**मुरैना।** विधानसभा उपनिर्वाचन 2020 के अन्तर्गत हमारे जिले की 5 विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 04 जौरा, 05 सुमावली, 06 मुरैना, 07 दिमनी और 08 अंबाह में × नवम्बर 2020 को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक संपन्न होने जा रहा है। आप सभी की सक्रिय भागीदारी से ही देश का लोकतंत्र मजबूत होता है। जिसमें आपके मत का अमूल्य योग्यदान है। मत का प्रयोग करना आपका अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। आपका अमूल्य मत लोकतंत्र के इस महात्यौहार में नये रंग भरेगा ऐसा मेरा विश्वास है। कोविड-19 के बचाव हेतु सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्था की गई है। सभी मतदान केन्द्रों पर मास्क, हेण्ड ग्लव्स एवं सोशल डिस्टेसिंग के पालन हेतु मतदान केन्द्रों पर 2 गज की दूरी बनाये रखने हेतु गोले भी बनाये गये है। अगर किसी मतदाता का टेम्प्रेचर गन द्वारा नापे जाने पर सामान्य शारीरिक तापमान ×6.1 डिग्री सेल्सियस से ×7.2 डिग्री सेल्सियस अथवा 97 से 99 एफ से अधिक पाया जाता है तो ऐसे मतदाता के तापमान की 10 मिनिट बाद पुनः पुष्टि की जायेगी। पुनः पुष्टि करने के बाद भी तापमान अधिक बने रहने पर ऐसे मतदाताओं को मतदान के लिये नियत अंतिम घंटे में मतदान के लिये आने की सलाह दी जायेगी। जहां सभी कोविड-19 के निर्देशों का पालन में किया जायेगा। आईये, मतदान दिवस को अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय, लालच, भय, प्रभाव, प्रलोभन एवं रिश्वत से प्रभावित हुये बिना निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर नैतिक मतदान कर मजबूत लोकतंत्र के लिये राष्ट्रहित में अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

## 2 व 3 नवम्बर के अखबारों में राजनैतिक विज्ञापनो के प्रकाशन से पहले विज्ञापनों का कराना होगा प्रमाणन

**भिण्ड।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के मौके पर विद्वेषपूर्ण अथवा भ्रामक राजनैतिक विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से समाचार पत्रों यथा प्रिंट मीडिया में भी मतदान के दिन और मतदान के 1 दिन पूर्व प्रकाशित कराये जाने वाले राजनैतिक विज्ञापनों का जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से पूर्व प्रमाणन कराना अनिवार्य किया है। कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि जिले की मेहगांव एवं गोहद विधानसभा उप निर्वाचन के मामले में 2 व 3 नवम्बर के समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों का प्री सर्टिफिकेशन कराना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक कोई भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार अथवा अन्य कोई संगठन या व्यक्ति विधानसभा के लिए होने वाले मतदान के दिन तथा उसके एक दिन पहले वाले दिन कोई भी विज्ञापन मीडिया प्रमाणन समिति से बिना पूर्व प्रमाणन कराये प्रकाशित नहीं करा सकेगा। अर्थात ऐसे विज्ञापनों का समाचार पत्रों यथा प्रिंट मीडिया में प्रकाशन कराने के पूर्व राज्य अथवा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से प्रमाणन कराना अनिर्वाय होगा। निर्वाचन आयोग ने यह निर्देश पूर्व में सामने आये उन मामलों के संदर्भ में जारी किये हैं, जहां अंतिम चरण में भ्रामक, भड़काउ या आक्रामक स्वरूप के विज्ञापन प्रकाशित कराकर चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने के प्रयास किये गये थे। आयोग के मुताबिक चुनाव के अंतिम दौर में ऐसे भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद इनसे प्रभावित दल अथवा प्रत्याशी के पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खण्डन का अवसर नहीं होता। आयोग के अनुसार ऐसी स्थिति में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है।

मतदान का एक दिन शेष

# अम्बाह पुलिस ने ग्रामीण व अम्बाह शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**केशब पडिंत जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अम्बाह थाना क्षेत्र के अन्तर्गत होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव को लेकर अम्बाह पुलिस ने सारी तैयारियाँ लगभग पूर्ण कर ली हैं, उसी तारतम्य में सुबह से लेकर शाम तक अम्बाह एसडीओपी अशोक सिह जादौन व थाना प्रभारी योगेन्द्र सिह जादौन रोजाना भारी बल के साथ अम्बाह थाना अन्तर्ग आने बाले सभी क्षेत्रों में पुलिस फ्लैग मार्च निकाल रही है, उसी के तहत अम्बाह एसडीओपी अशोक सिह जादौन व अम्बाह थाना प्रभारी योगेन्द्र सिह



जादौन के नेतृत्व में पुलिस ने आज भारी पुलिस बल के साथ एक पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला जो अम्बाह थाने से तहसील होकर पीपल चोराहा व पोरसा चोराहा उसैथ रोड दाऊ की कोठी होते हुये मेन बाजार गंज सब्जी मण्डी सदर बाजार होते हुये गली गली आदि जगह पर में सीआरपीएफ बल के साथ समस्त पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकालकर जनता से अधिक से अधिक मतदान शांतिपूर्ण तरीके से करने की अपील की, तथा कोई भी व्यक्ति संदिग्ध दिखता नजर आता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, आपका नाम गोपनीय रखा जाबेगा और पुलिस कुछ ही मिनिटों में पहुँचकर उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# गहोई समाज के चुनावों की हलचल प्रारम्भ

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर एक तरफ उपचुनावों की तैयारी अंतिम दौर में वहीं दूसरी तरफ ग्वालियर संभाग में एक दूसरे चुनाव की आहट भी शुरू हो गई है।जी हां हम बात कर रहे हैं ग्वालियर चंबल संभाग में गहोई वैश्य समाज की जहां 30 अक्टूबर तक नामांकन जमा हुए।अध्यक्ष मंत्री और कोषाध्यक्ष के चुनाव में संभाग के 20 स्थानों के मतदाता वोट डालकर अपना नेता चुनते हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 27 अक्टूबर को प्रेमनारायण गुप्ता ने एवं 29 अक्टूबर को विनोद गुप्ता ने नामांकन डाला था।सभी को इन्हीं नामों की उम्मीद थी।लेकिन फॉर्म भरने के अंतिम दिन में सक्रिय समाजसेवी धर्मेन्द्र बड़ेरिया ने फॉर्म भरकर परिस्थितियां रोचक बना



दी।ज्ञात हो संघ एवं भाजपा के करीबी धर्मेन्द्र बड़ेरिया ना केवल भिंड समाज के अध्यक्ष रहे हैं बल्कि ग्वालियर में पिछले साल श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता जी की शताब्दी आयोजन में भी उनकी सराहनीय भूमिका रही थी।नामांकन भरने के पूर्व उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रकवि मैथली शरन गुप्ता जी एवं स्व श्री कैलाश नारायण सावला जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया।तत्पश्चात उन्होंने समाज के वरिष्ठतम व्यक्तित्व श्री गणपत राम नीखरा जी आशीर्वाद लेकर अपना नामांकन दाखिल किया।इस अवसर पर उनके प्रस्तावक श्री आर के गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता ,श्री बृजेश तीतबिलासी,श्री राकेश कनकने,श्री एन पी छिरोल्या,श्री एस आर पहारिया,श्री महेश लहारिया,श्री वी के गुप्ता,श्री विशंभर रावत असवार ,श्री राजेन्द्र बड़ेरिया,श्री नीतेश सेठ दाऊ,श्री अतुल बिलैया लहार,श्री भरत कुरेले ,श्री शिवम् रूहेरा , श्री वरुण कस्तवार , श्री रामनिवास पंसारी, श्री रामबिहारी पहारिया,श्री अमित कंथरिया,श्री आनंद रावत,श्री मयंक कनकने आदि जन उपस्थित थे।

# किसी के बहकावे में ना आकर बोट को बिना बेचे करें मतदानः गौतम




### माफियाओं पर नहीं होती कोई कार्रवाई -पिप्पल

गोहद -विधानसभा उपचुनाव में आज अंतिम दिन केशव पार्क में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी यशवंत पटवारी के समर्थन में सभा हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल एवं राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर राम जी गौतम मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे जिसमें सभा को संबोधित करते हुए रमाकांत पिप्पल ने कहा अभी तक प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा की सरकार रहीं जिसमें रेत माफिया पत्थर माफिया खनन माफियाओ का राज चला दोनों एक दूसरे के पूरक हैं कांग्रेस की सरकार में बीजेपी और बीजेपी की सरकार में कांग्रेस एक दूसरे की देखभाल करती हैं इनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती वही राष्ट्रीय कोर्डिनेटर राम जी गौतम ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के लोग पैसा देंगे साडी बाटेंगे पायल बिछिया बाटेंगे और वोट खरीदने की कोशिश करेंगे लेकिन किसी भी प्रकार के भय से ना डरते हुए पार्टी को वोट करें बोट की? बहुत बड़ी कीमत है इससे ही राजा बना जा सकता है गरीबी दूर हो सकती हैं बोट दोधारी तलवार है जिससे अगर सीधी चले तो दुश्मन का गला काटता है और उल्टी चले तो खुद का गला कट जाता है इसलिए निर्भीक होकर शांतिपूर्ण मतदान करें

## स्व. सरदार पटेल की जन्मतिथि पर राष्ट्रीय एकता की शपथ आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ कलेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म तिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने की दिशा में आज कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के परिसर में राष्ट्रीय एकता की शपथ अधिकारी/कर्मचारियों को दिलाई। राष्ट्रीय एकता की यह शपथ मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता अखण्डता और सुरक्षाा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूगा और अपने देशवासियो के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से से रहा हूॅ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। की शपथ को कलेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पढा गया। जिसका अनुसरण सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने कर ग्रहण किया। शपथ के अवसर पर एसडीएम रूपेश उपाध्याय, एसीईओ जिला पंचायत, महेन्द्र जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री ओपी पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्री संकल्प गोलिया, आरईएस श्री पीएस इटोरिया, पीआईयू, विपिन सोनकर, जिला आबकारी अधिकारी, राकेश शर्मा, सहायक आयुक्त आजाक, एमपी पिपरैया, तहसीलदार बडौदा भरत नायक, एसएलआर नाथूराम सखवार, सहायक संचाकल मछली पालन बीपी झसिया एवं अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले की जनपद पंचायत श्योपुर, कराहल, विजयपुर नगरीय निकाय श्योपुर, बडौदा, विजयपुर पर भी राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई गई।

# पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करे थाना प्रभारी



**पाली.** नरेश कुमार सीरवी. जिले के गुड़ा एंडला थाना प्रभारी बिहारी लाल शर्मा द्वारा अपने थाना हल्के क्षेत्र के गांवों का दौरा करके आम जनता से स्थानीय पुलिस प्रशासन की सहयोग की अपील की गई. थाना हल्का क्षेत्र चाचोडी. का दौरा किया. जिसमें नए थाना प्रभारी द्वारा समस्त ग्रामीणों को अप्रिय वारदात घटनाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. ग्राम की मुख्य रोड एवं मुख्य चौराहे पर सीसी कैमरे को लगवाने के लिए समस्त ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारी थाना प्रभारी द्वारा दी गई. जिससे वारदात करने वाले आरोपियों की पहचान की जाए. इंटरनेट मोबाइल के माध्यम से लॉटरी एवं ठगी वारदात. एवं अनजान व्यक्ति की पहचान को लेकर संपूर्ण ग्रामीणों को नए थाना अधिकारी बिहारी लाल शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई.थाना अधिकारी द्वारा समस्त ग्रामीणों से रूबरू होकर ग्रामीणों को स्थानीय पुलिस प्रशासन के प्रति सहयोग का पूरा आश्वासन दिया गया. और उन्होंने बताया कि कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए सामाजिक दूरी बनाए रखें एवं मास्क का उपयोग नियमित रूप से करें.कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पूरी पालना की जाए और स्थानीय पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें. इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित पूर्व सरपंच मखनाराम सिरवी पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धन्नाराम सिरवी समाजसेवी सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी किरण सिंह राजपुरोहित रंजीत सिंह राजपुरोहित उपसरपंच जगाराम सिरवी दुर्गा प्रसाद वैष्णव दैनिक भास्कर संवाददाता मगराज चौहान एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा नए थानाधिकारी का सम्मान के साथ स्वागत किया गया.

## गोली दूँगा मार



हम तो गये थे उसकी गली करने दीदार
देखते ही हमको उसने गमला दिया मार
जी इस पर भी न था जी उसका भरा
बुला के भाइयों को हड्डियां तोड़ी जार -जार
समेट कर के अरमानों को हम लौट रहे थे
दूजी गली में हमको दिखी फिर से एक नार
बैठी थी घर के कोने में वो तो चुपचाप
देखते ही जाग उठा सोया हुआ प्यार
पानी के बहाने हमनें पूछा हालचाल
और भी बातें हमनें कीं थीं दो - चार
इससे पहले कि आगे बढ़ती अपनी बात
लेकर के लाठी आ गया उसका तगड़ा यार
कूट -कूट करके मुझे प्यार का उतारा बुखार
छोड़ कर के वो गली हम तो भाग आये
दिल पे हाथ रख के कसम ये खाई बार -बार
अब न करेंगे किसी दूसरी से हम तो आंखें चार
अपने लिए तो भली है वो जो घर पर पड़ी है
उस की सूरत में अब तो हूरें दिखें हजार
पिट-पिट के अब तो ये बात गये जान
अपनी ही लुगाई से करें इश्क़-विश्क,प्यार -व्यार
वरना बेरहम है ये दुनिया बड़ी
करने न देगी तुम्हें हर किसी से प्यार
लाख पते की ये बात करता हूँ बार - बार
घर में ही ढूंढना तुम बाहर नहीं है प्यार
बात मेरी अब नी माने तो गोली दूँगा मार।।।

**प्रवीण राणा वर्मा।**
**अर्की, हि प्र।**

### श्री धायमहादेव लोधी शिक्षा समिति द्वारा नवोदय विद्यालय के प्रवेश के लिए

# निःशुल्क कोचिंग का हुआ शुभारम्भरिपोर्टर-ठाकुरदास लोधी

पिछोर। जिले के खोड़ के धायमहादेव चौराहे के पास रविवार को नवोदय विद्यालय के प्रवेश के लिए श्री धायमहादेव लोधी शिक्षा समिति द्वारा निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया गया जिसमें नवोदय विद्यालय के प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा के लिए तैयारी कराई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा की देवी माँ सरस्वती,वीरांगना अवंतीबाई लोधी एवं भारत माता की तश्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात माँ सरस्वती की वंदना के बाद अतिथियों के द्वारा फीता काटकर कोचिंग का शुभारंभ किया गया जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में नवोदय विद्यालय की पूर्व छात्रा व वर्तमान में यूपीएससी की तैयारी कर रहीं कु.छाया लोधी,विशिष्ट अतिथि के रूप में विजयपुर सरपंच केरन लोधी व नवोदय विद्यालय की छात्रा कु. प्रज्ञा लोधी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि लक्ष्मणसिंह लोधी ने की। नवोदय विद्यालय से बाहरवीं पास करने के बाद वर्तमान में दिल्ली विश्व विद्यालय में पढ़ाई कर रहे छात्र रामकेश लोधी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि नवोदय विद्यालय में कैसे प्रवेश मिले और आगे की पढाई कैसे जारी रखे जिसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं विजयराम लोधी उच्च माध्यमिक शिक्षक पिछोर ने लोगों को समिति के संविधान के बारे में बताते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य इस कोचिंग तक ही सीमित नही है







समिति का उद्देश्य एक निम्न स्तर से उच्च स्तर तक ले जाकर समाज के बच्चों को शिक्षा देना व रोजगार की ओर कैसे जाएं इसका मार्गदर्शन करना है। वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कु.छाया लोधी ने भी लोगों को संबोधित किया और अपने विचार रखें एवं बालिका शिक्षा हेतु लोगों को प्रेरित किया। समाज के लोगों ने पढ़ाई से संबंधित सामग्री की दानकार्यक्रम में समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए स्वेच्छा से कुछ सामग्री दान की जिसमें कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केरन सिंह लोधी ने करीब तीस हजार रुपये कीमत का प्रोजेक्टर,शेरगढ़ सरपंच सिरनाम सिंह लोधी ने करीब तीस हजार रुपये कीमत का लैपटॉप,वल्लभ भवन में अपनी सेवाएं दे रहे रामगोपाल लोधी ने दो कुर्सियां एवं 5000 रुपये एवं बीडीओ गौरीशंकर राजपूत ने पांच हजार रुपये तथा चंद्रभान सिंह लोधी वीरा वालों ने किताबें दान कीं तो वहीं डॉक्टर बबलू लोधी ने कोचिंग के लिए एक कमरा दिया।

**ये शिक्षक देंगे निःशुल्क शिक्षा**बलबीर लोधी,नवलसिंह लोधी,कृष्णकुमार लोधी,चंद्रभान लोधी,राहुल लोधी,रामकेश लोधी,देवेंद्र लोधी,विनोद लोधी,ब्रजेन्द्र लोधी एवं सप्ताह में एक विशेष दिन ऑनलाइन शिक्षा रामगोपाल लोधी एवं बीडीओ गौरीशंकर लोधी द्वारा दी जाएगी।

**ये लोग रहे मौजूद**–रामकिशन लोधी शिक्षक,धर्मेंद्र लोधी,देवेंद्र लोधी,राधाकृष्ण लोधी, सुरेंद्र, सुरेश, मोहरसिंह, अशोक, अजबसिंह, उत्तमसिंह, दुर्गासिंह, फेरनसिंह, संजीव लोधी, पत्रकार उमेश लोधी, मायाशिव लोधी, सुखलाल लोधी, कन्हैयालाल, अच्छेलाल पाल, रामेश्वर झा, मनोज लोधी, प्रमोद लोधी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं मंच संचालन कवि राजकुमार लोधी एवं आभार बलबीर लोधी द्वारा व्यक्त किया गया

# मप्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 669 नए मामले, 10 और लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 669 नए मामले सामने आए जिसके बाद प्रदेश में अब तक संक्रमित हुये लोगों की कुल संख्या बढ़कर 171359 हो गई।



एक स्वास्थ्य अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटों में इस बीमारी से 10 और लोगों की मौत हुई है जिससे मरने वालों का आंकड़ा 2951 हो गया है।

अधिकारी ने बताया, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से भोपाल में चार, रतलाम में दो, तथा इंदौर, होशंगाबाद, रीवा, एवं दमोह में एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया, राज्य में अब तक कोरोना वायरस से सबसे अधिक 682 मौत इंदौर में हुई है जबकि भोपाल में 480, उज्जैन में 97, सागर में 124, जबलपुर में 203 एवं ग्वालियर में 161 लोगों की मौत हुई है। बाकी मौतें अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में शनिवार को कोविड-19 के 134 नये मामले भोपाल जिले में आए हैं, जबकि इंदौर में 89, जबलपुर में 46, रीवा में 33 एवं ग्वालियर में 38 नये मामले आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 1,71,359 संक्रमितों में से अब तक 1,59,479 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गए हैं और 8,929 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार को 1,024 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## 12 जिलों में घर बैठे मिलेंगे ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भोपाल सहित 11 जिलों में ऑनलाइन व्यवस्था के तहत घर बैठे लर्निंग लाइसेंस मिलने लगेंगे। दिसंबर से ऑनलाइन टेस्ट देकर आवेदक लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर मुकेश जैन का कहना है कि केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल सारथी-4 से परिवहन विभाग की वेबसाइट लिंक करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत भोपाल, उज्जैन, जबलपुर सहित 11 जिले पहले चरण में लिंक किए जा रहे हैं। आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस के अलावा नवीनीकरण व डुप्लीकेट लाइसेंस बनवाने की सुविधा परिवहन विभाग की वेबसाइट पर मिल सकेगी। एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अरविंद सक्सेना का कहना है कि स्थायी लाइसेंस का आवेदन भी इसी व्यवस्था के तहत हो सकेंगे, लेकिन आवेदन को टेस्ट देने आरटीओ जाना होगा।

# कमलनाथ से स्टार प्रचारक का दर्जा छीने जाने का असर 10 को दिखेगा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनावों का प्रचार अंतिम दौर में पहुंचने के बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का स्टार प्रचारक दर्जा रद्द किए जाने के निर्वाचन आयोग के फैसले को कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने शनिवार को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

उन्होंने हालांकि दावा किया कि इस कदम का असर 10 नवम्बर को नजर आएगा, जब सूबे की 28 विधानसभा सीटों के लिए तीन नवम्बर को होने वाले उप चुनावों में पड़े वोट गिने जाएंगे। कमलनाथ का स्टार प्रचारक दर्जा रद्द किए जाने के निर्वाचन आयोग के फैसले को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर वासनिक ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन अब कमलनाथ की आवाज और दूर तक अपेक्षाकृत ज्यादा असरदार तरीके से लोगों के दिलो-दिमाग तक पहुंचेगी। इसका असर अगली 10 तारीख को दिखेगा। वासनिक, कांग्रेस संगठन में मध्यप्रदेश के प्रभारी महासचिव हैं। वह उपचुनावों के सिलसिले



में राज्य के दौरे पर हैं। उन्होंने इन उपचुनावों को लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई बताते हुए राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ ही कांग्रेस के उन 22 बागी विधायकों पर इशारों में हमला बोला जिनके मार्च में इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने से कमलनाथ सरकार को महज 15 महीने के कार्यकाल के बाद सत्ता से रुखसत होना पड़ा था। वासनिक ने किसी भी नेता का नाम लिए बगैर कहा, अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए बेहद परेशान कुछ लोगों ने जनादेश के खिलाफ कदम उठाते हुए कांग्रेस के साथ ही सूबे की जनता से भी गद्दारी की। ये लोग खुद को तत्कालीन कांग्रेस सरकार में शीर्ष पदों पर पहुंचते देखना चाहते थे। उन्होंने एक सवाल पर भाजपा के खिलाफ निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की राजनीति, नैतिक मूल्यों और विचारों पर कभी विश्वास नहीं रखा, वे आज स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री की विरासत की बातें करने लग गये हैं। वासनिक ने सरदार पटेल की 145वीं जयंती पर कहा, ÷पटेल ने (अंग्रेजी राज से आजादी के बाद) भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज भले ही एकता की बातें करते होंगे। लेकिन उनकी राजनीति पूरी तरह से लोगों के विभाजन पर टिकी है।

## भोपाल सहित 11 जिलों में घर बैठे मिलेंगे ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस, दिसंबर से ऑनलाइन टेस्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भोपाल सहित 11 जिलों में ऑनलाइन व्यवस्था के तहत घर बैठे लर्निंग लाइसेंस मिलने लगेंगे। दिसंबर से ऑनलाइन टेस्ट देकर आवेदक लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर मुकेश जैन का कहना है कि केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल सारथी-4 से परिवहन विभाग की वेबसाइट लिंक करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत भोपाल, उज्जैन, जबलपुर सहित 11 जिले पहले चरण में लिंक किए जा रहे हैं। आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस के अलावा नवीनीकरण व डुप्लीकेट लाइसेंस बनवाने की सुविधा परिवहन विभाग की वेबसाइट पर मिल सकेगी। एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अरविंद सक्सेना का कहना है कि स्थायी लाइसेंस का आवेदन भी इसी व्यवस्था के तहत हो सकेंगे, लेकिन आवेदन को टेस्ट देने आरटीओ जाना होगा।

## ईसी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे कमलनाथ, छिना था स्टार प्रचारक का दर्जा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने स्टार प्रचारक का दर्जा रद्द किए जाने संबंधी फैसले को चुनौती दी है। आयोग ने मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन को लेकर कांग्रेस नेता कमलनाथ का स्टार प्रचारक का दर्जा शुक्रवार को रद्द कर दिया था। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आयोग के फैसले को विभिन्न आधारों पर चुनौती दी है। याचिका पर तत्काल सुनवाई कराए जाने का आग्रह किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को नैतिक और गरिमामय व्यवहार के कथित उल्लंघन पर संज्ञान लिया था और कांग्रेस नेता का स्टार प्रचारक का दर्जा रद्द कर दिया था।

**मतदाता समझदार, सही फैसला करेगा: कमलनाथ**–मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य में 28 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के परिणाम के बाद कांग्रेस के वापस सत्ता में आने का दावा किया है। कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश के मतदाता सीधे-सादे, भोले-भाले हैं पर बहुत समझदार है। सही फैसला करते हुए सौदेबाजी से बनी भाजपा सरकार को सत्ता से हटा देंगे।

### विकास दुबे केस से जुड़े 31 ऑडियो किसने किए वायरल

# कौन और कहां से चला रहा सिस्टम ?

**कानपुर।** कानपुर के बिकरू कांड के बाद वायरल हुए ऑडियो सबके बीच चर्चा के विषय हैं। थोड़े थोड़े दिनों में वायरल ऑडियो से खुलती हैं पुलिस के सिस्टम की परतें। कई नेताओं के राज और अधिकारी कहां-कहां सिस्टम बैठा चुके हैं उसकी सच्चाई भी सामने आती है। इन सबके बीच पुलिस अब तक यह नहीं खोज पाई है कि आखिरकार किसके सीने में शहीद सीओ के मोबाइल का राज दफन है। कहां से यह ऑडियो वायरल हो रहे हैं। कैसे यह सबके सामने लाए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस चाहे तो इसे ट्रेस करना कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है। 2 जुलाई की देर रात बिकरू में सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। बिकरू में शहीद हुए सीओ देवेन्द्र मिश्रा के पास घटना के वक्त तीन मोबाइल थे। इसमें से एक सीओ की जेब में था। एक सीयूजी और एक प्राइवेट मोबाइल गाड़ी में रह गया था। घटना को चार माह से ज्यादा समय हो गए हैं। एक बड़े सवाल का जवाब अभी तक नहीं आया ऑडियो कहां से और कौन वायरल कर रहा है। अब तक शहीद सीओ के 31 ऑडियो वायरल हो चुके हैं। आईजी रेंज का कहना है कि सीओ के पास दो मोबाइल थे। दोनों उनके घर वालों को सौंप दिए गए थे। वहीं सीओ के साढ़ू कमलाकांत बाजपेई का कहना है कि वहां पर तीन मोबाइल थे जिसमें से पुलिस ने दो वापस किए थे। एक मोबाइल उनकी शर्ट की जेब में था जिसके बारे में कुछ पता नहीं चला।




### तो फिर तीसरा कौन

तीसरा फोन हासिल करने वाला कौन है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। मोटा सा हिसाब है कि घटना के वक्त जिन लोगों ने मारा या फिर घटना के बाद सबसे पहले जो लोग पहुंचे उन्हीं के पास होना चाहिए। अब न तो उस व्यक्ति का पता चल पा रहा है और न ही तीसरे फोन का।

### वायरल रूट पुलिस फॉलो करती तो पकड़ा जाता

ऑडियो वायरल होने के मामले को पुलिस ने भी गम्भीरता से नहीं लिया। अगर पुलिस वायरल रूट ही पकड़ लेती तो अब तक मैसेजों को वायरल करने वाला पुलिस की गिरफ्त में होता। वायरल रूट फॉलो करने का सीधा सा मतलब है कि एक सेंडर से दूसरे सेंडर तक पहुंचकर पूछताछ कर लेती तो जहां से मैसेज भेजने का क्रम शुरू हुआ है। वहां तक पुलिस पहुंच चुकी होती।

## यूपी-बिहार से गुजरने वाली कई ट्रेनों का आज से बदल गया नंबर और समय

**लखनऊ।** रेलवे एक नवंबर से कई ट्रेनों का समय और नंबर बदल गया। रेलवे प्रशासन ने पहले से ही इसकी तैयारी कर ली थी। ट्रेनों की टाइमिंग में 15 मिनट से लेकर 2 घंटे तक का चेंज है। वैसे अधिकांश महत्वपूर्ण ट्रेनों के समय में कोई चेंज नहीं है। यूपी-बिहार से होकर गुजरने वाली कुछ पूजा स्पेशल ट्रेनों के समय में जरूर बदलाव है। कुछ पुरानी ट्रेनों को सुपरफास्ट ट्रेन बना दिया गया है। बता दें कि रेलवे हर साल 1 जुलाई से ट्रेनों के समय में बदलाव करता है।




इस साल कोरोना के कारण जुलाई में ट्रेनों का रूटीन संचालन नहीं था। अभी ट्रेनों का सामान्य परिचालन ठप है केवल स्पेशल ट्रेनें चला रही है। इस कारण यह बदलाव बढ़ाकर नवंबर में लागू करने की घोषणा की गई थी।

**इन ट्रेनों के बदले नंबर और टाइम**–नई समय सारणी लागू होने से उधमपुर ट्रेन सुपरफास्ट हो जाएगी। इसकी स्पीड में इजाफा हो जाएगा। जिन ट्रेनों का समय बदलेगा, उनमें 15548 एलटीटी-जयनगर, 19046 छपरा-सूरत एक्सप्रेस, 12168 वाराणसी-एलटीटी, 12295 संघमित्रा एक्सप्रेस, 14115 हरिद्वार एक्सप्रेस, 12427 रीवा एक्सप्रेस और उधमपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

**इन ट्रेनों में भी बदलाव**-15065/15066 गोरखपुर-पनवेल (सप्ताह में चार दिन), 15067/15068 गोरखपुर-बांद्रा (साप्ताहिक), 19305/19306 इंदौर-गुवाहाटी (साप्ताहिक), 22163/22164 भोपाल-खजुराहो (प्रतिदिन), 22167/22168 सिंगरौली-निजामुद्दीन (साप्ताहिक), 19041/09042 बांद्रा-गाजीपुर सिटी (सप्ताह में दो दिन), 22433/22434 आनंद विहार-गाजीपुर सिटी (सप्ताह में दो दिन), 22427/22428 आनंद विहार-बलिया (साप्ताहिक) 15063/15064 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (साप्ताहिक), 17323/17324 हुबली-वाराणसी (साप्ताहिक), 20903/20904 वडोदरा-वाराणसी महामना एक्स. (साप्ताहिक), 16793/16794 रामेश्वरम-फैजाबाद (साप्ताहिक), 11901/11902 मथुरा-कुरुक्षेत्र (सप्ताह में पांच दिन), 14117/14118 इलाहाबाद-बस्ती (सप्ताह में पांच दिन), 12571/12572 गोरखपुर-आनंद विहार हमसफर एक्सप्रेस(साप्ताहिक) सहित कई अन्य ट्रेनों को भी रेलवे की नई समय सारिणी में शामिल किया गया है।

# दारोगा को रिटायरमेंट के बाद कुर्सी पर बैठा गांव में घुमाया, गिफ्ट में दी शराब की बोतलें

**कानपुर।** यूपी में कानपुर रूरा थाने के एक दरोगा की विदाई समारोह के बाद कुछ पुलिस कर्मियों व उसके साथ बैठने वालों ने दरोगा को कुर्सी पर बिठाकर बैठ बाजों के साथ थाना परिसर से पुलिस आवासों के पास तक जुलूस निकाला। इस दौरान हुडदंग करने के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग को तार-तार कर दिया गया। इतना ही नहीं दरोगा को शराब की बोतलें भी भेंट की गई। इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने प्रकरण की जांच शुरू कराई है। रूरा थाने में एक साल से तैनात दरोगा राम किशोर के सेवा निवृत्त होने पर शनिवार को थाना परिसर में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह खत्म होने के बाद कुछ पुलिस कर्मियों व बनीपारा क्षेत्र के उनके खास लोगों ने एकत्र होकर दरोगा को फूल माला पहनाने के साथ ही कुर्सी पर बिठकर बैंड बाजे के साथ थाना परिसर में जुलूस निकालकर पुलिस कर्मी व दरोगा के समर्थक तथा थाने में प्रतिदिन बैठक लगाने वाले उनको थाना ग्रांउड के उत्तरी छोर पर बने आवास तक ले गए। इस दौरान भीड़ जुटाकर सोशल डिस्टेंसिंग के निर्देश को तार-तार करने के साथ ही सेवा निवृत्त दरोगा को पुलिस कर्मियों व बनीपारा से आए लोगों ने शराब की बोतलें भी भेंट की। इतना ही नहीं दरोगा ने बाकायदे शराब की बोतल के साथ फोटो भी खिंचवाई।




इसका वीड़ियो वायरल होने के बाद एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेकर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कराई है। एसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि दरोगा की विदाई में किया गया कृत्य बेहद आपत्तिजनक है। मामले में सीओ सदर को जांच सौंपी गई है। इसमें शामिल दोषियों के खिलाफ जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

### बांदा में महिला के साथ रेप का वीडियो वायरल ससुरालियों ने घर से निकाला



लखनऊ। बांदा जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 26 वर्षीय विवाहिता का अपहरणकर कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपितों ने उसका वीडियों बनाकर उसे वायरल भी कर दिया। ससुरालियों ने वीडियो देखो तो उन्होंने विवाहिता को घर से निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कर्वी निवासी युवती की शादी तीन साल पहले बांदा के नगर कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। युवती के मुताबिक, वह बाजार जा रही थी। गांव के परिचित ने अपने दो साथियों के साथ जबरन उसे एक चार पहिया गाड़ी में बैठा लिया और सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।। उसके दो साथियों ने उसका वीडियो बनाया। धमकी दी कि अगर किसी को कुछ भी बताया तो वीडियो वायरल करने के साथ जान से मार देंगे। डरी-सहमी पीड़िता ने किसी को कुछ भी नहीं बताया। इसके बाद आरोपितों ने उसका शोषण करना चाहा। पीड़िता इससे बचने के लिए मायके चली गई। इससे गुस्साए आरोपितों ने दुष्कर्म का वीडियो उसके पति और मायके को भेजने के साथ वायरल कर दिया। पीड़िता जब अपने ससुराल आई तो उसे घर में नहीं घुसने दिया गया। शनिवार को पीड़िता अपने मां-बाप और भाई के साथ कोतवाली पहुंची, जहां आरोपितों के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म की तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच-पड़ताल की जा रही है। तीनों आरोपित हिरासत में हैं। पीड़िता के मुताबिक, शनिवार को वह तहरीर लिए कोतवाली में दिनभर बैठी रही। लेकिन शाम पांच बजे तक पीड़िता की रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। वहीं, आरोपितों के परिवार से रिपोर्ट दर्ज कराने पर धमकी भी दी जा रही थी।

# बिहार चुनाव 2020: चुनावी रैलियों से दूर रहीं मायावती ने अलग अंदाज में मांगा समर्थन

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव में जनता से अपनी पार्टी के गठबंधन को मौका देने की अपील की है। चुनावी मैदान से दूर रहीं मायावती ने रविवार को अलग अंदाज में विरोधियों पर निशाना साधा और ट्वीट के जरिये बिहार की जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने ट्वीट के जरिये ही यूपी और एमपी में हो रही उपचुनाव के लिए बसपा को वोट की अपील की। मायावती ने कहा कि बिहार विधानसभा आम चुनाव के अंतर्गत दूसरे चरण में 94 सीटों पर प्रचार की प्रक्रिया आज समाप्त होने के साथ ही तीन नवंबर को मतदान पर समग्र ध्यान केन्द्रित है। मतदाताओं से अपील है कि उन्होंने जद-यू और राजद गठबंधन की सरकारों को बहुत आजमाया है। अब हमारे नए गठबंधन



को एक मौका जरूर दें।

बिहार की 80 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही बसपा ने राष्ट्रीय लोक समाज पार्टी से गठबंधन किया है। मायावती ने आगामी तीन नवंबर को उत्तर प्रदेश की सात और मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में भी जनता से बसपा को जीत दिलाकर विरोधियों को सही राजनीतिक संदेश देने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश की सात और मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव हेतु प्रचार की आज समाप्ति के साथ ही आगामी तीन नवंबर के मतदान पर सभी का ध्यान केन्द्रित है। मतदाताओं से अपील है कि वे बीएसपी के उम्मीदवारों को सफल बनाकर यहां विरोधियों को सही राजनीतिक संदेश दें।

# गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के गजल होटल पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**गाजीपुर।** विधायक मुख?तार अंसारी की पत्नी और बेटों के होटल गजल पर रविवार सुबह प्रशासन के बुलडोजर गरजे। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार गजल होटल ढहा दिया गया। सुबह सात बजे एसपी सिटी और एडीएम के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण शुरू हुआ। रातभर गजल होटल के बाहर दुकानों को खाली करने का काम चलता रहा। कार्रवाई के दौरान महुआबाग और मिश्र बाजार को बैरीकेडिंग करते हुए वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। होटल का ध्वस्तीकरण देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटी रही।

शहर के महुआबाग में स्थित मुख्तार अंसारी के होटल गजल पर रविवार सुबह को प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की। जिलाधिकारी के अध्यक्षता में नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड विनियमित क्षेत्र गाजीपुर ने शनिवार की शाम गजल होटल के मालिक अब्बास अंसारी व उमर अंसारी पुत्रगण मुख्तार अंसारी की अपील खारिज कर दी थी। 15 पेज के फैसले में एसडीएम



सदर/विनियमित क्षेत्र अधिकारी के ध्वस्तीकरण के फैसले को सही मानते हुए अग्रिम कार्रवाई का आदेश दिया है। बोर्ड के आदेश को देर रात होटल पर तहसीलदार ने चस्पा किया और सीओ सदर के नेतृत्व में फोर्स ने दुकानों को आनन-फानन खाली करा दिया गया। इसके बाद सुबह से पुलिस और प्रशासन ने चिह्नित किए गए भवन को ढहाना शुरू कर दिया। होटल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई, जिन्हें पुलिस ने मशक्कत के बाद हटाया। एडीएम राजेश सिंह, एडीएम सुशील कुमार श्रीवास?तव, एसडीएम सदर प्रभाष कुमार, एसडीएम सेवराई रमेश मौर्या, एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी, सीओ सिटी ओजस्वी चावला, शहर कोतवाल विमल मिश्रा समेत देर रात से ही कई थानों की फोर्स लगा रहा। महुआबाग व मिश्रबाजार को चारो तरफ से सील कर रखा था किसी को भी जाने की अनुमति नही है। बता दें कि बीते 25 जून को सदर एसडीएम प्रभास कुमार ने गजल होटल के जमीन की पैमाइश कराई थी। इसमें तमाम अनियमितता मिली थी। होटल के नक्शे को भी एसडीएम ने निरस्त कर दिया है। वहीं होटल की जमीन की जांच में उसके खरीद व बिक्री में तमाम अनियमितता मिली थी। गजल होटल के अवैध निर्माण और रजिस्ट्री में फर्जीवाड़े पर मुख्तार की पत्नी और दोनों बेटों सहित 12 के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जा चुका है।



# इस महीने किस रेट में मिलेगा घरेलू रसोईं सिलेंडर ?

**लखनऊ।** यूपी में इस माह भी घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ हुआ है। तेल कंपनियों ने मासिक रेट रिवीजन के बाद राजधानी में बिना सब्सिडी वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2किलो) 632 रुपये और पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर (घरेलू) 234.50 का ही पड़ेगा। वहीं इस त्योहारी माह में कामर्शियल गैस सिलेंडर (19किलो ) 75.50 रुपये मंहगा हो गया है। कामर्शियल सिलेंडर के दामों में इजाफे के बाद अब दुकानदारों को ये 1325.50 रुपये का पड़ेगा। अभी तक 1250 रुपये का मिल रहा था। बदली हुई दरें रविवार सुबह से लागू हो गई हैं।

**पांच माह से घरेलू सिलेंडर पर नहीं बढ़े दाम**–बीते पांच माह से घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कोई इजाफा नहीं हुआ है। जुलाई में सिलेंडर 631 का था। अगस्त में एक रुपये का मामूली इजाफा हुआ। सिलेंडर के दाम 632 हो गए। तभी से यही रेट बरकरार हैं। छोटू सिलेंडर के दाम भी तभी से स्थिर हैं।

### सब्सिडी 35.17 रुपये आएगी

**इस माह भी उपभोगताओं के बैंक खातों में सब्सिडी 35.17 रुपये आएगी।**

| सिलेंडर | | नवम्बर के दाम |
|---|---|---|
| 14.2 किलो | - | 632 |
| 19 किलो | - | 1325.50 |
| 5 किलो | - | 234.50 |

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## सम्पादकीय

# हमारी आलोचना

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत की जो आलोचना की है, वह न सिर्फ दुखद, बल्कि शुद्ध रूप से राजनीति प्रेरित भी है। उन्होंने कहा है, 'चीन को देखो, कितना गंदा है। रूस को देखो, भारत को देखो, ये बहुत गंदे हैं, हवा गंदी है'। बेशक, इसमें भारत के साथ रूस और चीन को भी उन्होंने रखा है, लेकिन उनका भारत पर विशेष रूप से जोर देना बहुत लोगों को नागवार गुजरा है, तो कोई आश्चर्य नहीं। इसके पहले ट्रंप भारत को टैरिफ किंग भी बता चुके हैं। ट्रंप का ऐसा कहना, वहां की राजनीति में उनके विरुद्ध भी जा सकता है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाली सीधी बहस का यह आखिरी दौर था और इसमें भारत का नाम लेकर आलोचना करना और पर्यावरण संबंधी अपनी नीतियों का बेशर्म बचाव करने की कोशिश करना अनुचित ही नहीं, शर्मनाक भी है। अव्वल तो एकाधिक मौकों पर ट्रंप भारत और भारतीयों को अपना मित्र या सहयोगी बता चुके हैं। वह यह मानकर चल रहे हैं कि अमेरिका में उन्हें भारतीय मूल के अमेरिकियों के ज्यादा वोट मिलेंगे, लेकिन तब भी क्या उन्हें प्रदूषण या पर्यावरण के मामले में भारत की निंदा करनी चाहिए थी? क्या यह आलोचना का उचित अवसर था? क्या ट्रंप को इस बात का एहसास हो गया है कि भारतीय मूल के ज्यादातर अमेरिकी मतदाता डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बिडेन के पक्ष में मतदान करने वाले हैं? खैर, ट्रंप को अपने देश में ही तत्काल आलोचना का सामना करना पड़ा है। उनके बयान को भ्रामक करार दिया गया है, भारत भले ही प्रदूषित देशों में शुमार है, लेकिन जब जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार देशों की बात आती है, तो ट्रंप की टिप्पणी खरी नहीं उतरती। वस्तुस्थिति तो यह है कि जलवायु परिवर्तन के लिए अमेरिका बहुत हद तक जिम्मेदार है, लेकिन वह ट्रंप के नेतृत्व में अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर दूसरों को दोष दे रहा है। ट्रंप के मुंह से रूस और चीन की आलोचना तो समझ में आती है, लेकिन भारत को भी साथ रखना कूटनीतिक और व्यावहारिक रूप से भी गलत है। ट्रंप ने शायद अपना नुकसान कर लिया है। उन्हें यह परवाह नहीं है कि उनका देश भारत के साथ रणनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ चुका है और ऐसे में, भारत को आलोचना का निशाना बनाना हर प्रकार से अनुचित है। जाहिर है, ट्रंप द्वारा किए गए प्रहार के बाद अब डेमोक्रेट पूरी तरह से भारत के पक्ष में खड़े दिख रहे हैं, उन्होंने कहा है कि ट्रंप हमारे दक्षिण एशियाई समुदाय की जीवंतता, सुंदरता और विविधता का सम्मान नहीं करेंगे। अमेरिका में बड़ी संख्या में ऐसे भारतीय मूल के नागरिक होंगे, जो ट्रंप से दूर चले जाएंगे। भारत को आधिकारिक रूप से अमेरिकी राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए, लेकिन भारतीय विशेषज्ञों को यह बात जोर देकर बतानी चाहिए कि जलवायु परिवर्तन में भारत या किस देश का कितना योगदान है। साथ ही, यह सही समय है, जब भारत अपनी कोशिशों पर गौर करें और ज्यादा व्यावहारिक बने। दुनिया के प्रदूषित देशों में हमारी गिनती ज्यादा समय तक नहीं होनी चाहिए। अपने तेज विकास के लिए युद्ध स्तर पर प्रदूषण का उपचार करना जरूरी हो गया है। पराली की गंदगी से घिरी राष्ट्रीय राजधानी की हमें सबसे पहले चिंता करनी चाहिए। हम दुनिया को आलोचना का मौका कब तक देते रहेंगे ?

# बेलिहाज पड़ोसी का कुबूलनामा

अच्छी बात है कि जो हम अब तक कहते आए हैं, उसे पाकिस्तानी हुकूमत भी मानने लगी है। पिछले साल पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने हमला किया था, जिसकी पुष्टि हमारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भी की है। फिर भी, पाकिस्तान इसे हमेशा से नकारता रहा था। मगर अब उसके एक केंद्रीय मंत्री ने स्वीकार किया है कि यह हमला इमरान खान सरकार की उपलब्धि है। हालांकि, विवाद बढ़ता देख मंत्री फवाद चौधरी ने नेशनल असंबेली (संसद) में दिए अपने इस बयान से पल्ला झाड़ लिया, पर तीर तो कमान से निकल चुका था। यह समझना होगा कि पाकिस्तान झूठ की बुनियाद पर टिका एक मुल्क है। 1947-48 का हमला हो या 1965 का, पाकिस्तान हमेशा से दावा करता रहा कि भारत ने जंग की शुरुआत की, लेकिन वहां के एक सेवानिवृत्त एयर मार्शल ने बाद में खुद बयान दिए कि हमला पाकिस्तान की ओर से किया गया। कारगिल की कहानी भी अलग नहीं है। लिहाजा, पाकिस्तान भले लाख सफाई दे कि भारत में वह दहशतगर्दी को शह नहीं देता, लेकिन उसकी नीतियां खुद इसकी चुगली करती हैं। पाकिस्तान के लिए फवाद चौधरी जैसे बयानात अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। आतंकी फंडिंग को लेकर वह अब भी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की निगरानी में है। फरवरी में आतंकी फंडिंग रोकने की उसकी नीतियों की फिर से समीक्षा की जाएगी। जाहिर है, खंडन के बावजूद यह बयान उसकी मुश्किलें बढ़ा सकता है। ऐसा नहीं है कि इस कुबूलनामे से वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान बेपरदा हो जाएगा। पूरी दुनिया जानती है कि आतंकवाद उसकी विदेश नीति का हिस्सा है। लेकिन अपने-अपने संकीर्ण हितों के कारण वे पाकिस्तान पर दबाव नहीं बनाना चाहते। जैसे, अमेरिका को उसकी इसलिए जरूरत है, क्योंकि वह मानता है कि अफगानिस्तान से निकलने में पाकिस्तान उसकी मदद कर सकता है। चीन एशिया में भारत के बढ़ते कदम को थामने के लिए पाकिस्तान को शह देता रहता है। आकलन यह भी है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का जखीरा बिना चीन की मदद के संभव नहीं था। अभी ही, तमाम देश फ्रांस की नीतियों की आलोचना कर रहे हैं, लेकिन चीन के उइगर मुसलमानों की बदहाली पर चुप्पी साधे हुए हैं। लिहाजा, फवाद चौधरी का बयान पाकिस्तान के दागदार चेहरे पर एक और धब्बा मात्र होगा। इससे उसकी सेहत पर बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। तो फिर हमें क्या करना चाहिए? जरूरी यह है कि पाकिस्तान की जड़ पर वार हो। चूंकि उसकी अंदरूनी हालत काफी खराब है; बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वाह, सिंध जैसे तमाम इलाकों में स्थानीय समुदायों, और खासतौर से पंजाबियों की नाराजगी हुकूमत से है। इसीलिए भारत चाहे, तो इन आंदोलनों को अपना समर्थन दे सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमने कभी बलूचों की वकालत नहीं की, पठानों की मुश्किलों का जिक्र भी नहीं किया, और तो और, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की बदहाली की चर्चा भी नहीं की। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में बतौर स्थाई प्रतिनिधि मेरा यही अनुभव रहा है। हमारी सरकार को अपनी यह नीति अब बदल लेनी चाहिए। हमें समझना होगा कि पाकिस्तान हमसे कतई दोस्ती नहीं कर सकता। इतिहास भी इसी बात की गवाही देता है। 1960 में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता किया था, जिसके तहत नदी का सिर्फ 20 फीसदी पानी हम अपने पास रखते हैं और शेष पानी पाकिस्तान को उपयोग के लिए दे देते हैं। ऐसा उदारमना समझौता शायद ही कोई देश करता है। मगर बदले में, हमें 1965 की जंग मिली। इसी तरह, 1972 में शिमला समझौता करके हमने पाकिस्तान से जीती तमाम जमीनें वापस कर दीं और 90 हजार के करीब उसके सैनिकों को रिहा किया, लेकिन इसका नतीजा भी सिफर रहा। 1999 की कारगिल जंग भी भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सदा-ए-सरहद लाहौर बस-यात्रा के बाद हुई थी। जाहिर है, हमने बार-बार दोस्ती का हाथ बढ़ाया है, लेकिन बार-बार उसे हमारी कमजोरी ही समझा गया है। एक बात और, हमारे यहां जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई हैं, उन्हें मैं दहशतगर्दों के प्रयासों की चरम परिणति मानता हूं। इसके अलावा, न जाने कितनी घटनाओं को हमारे सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसी या पुलिसवालों ने हकीकत बनने ही नहीं दिया। अगर ऐसे हमले साकार हो जाते, तो न जाने जान-माल की कितनी हानि होती। जाहिर है, इन आतंकियों से पार पाने के लिए हमें अपने सुरक्षा बलों पर, पुलिस बलों या अन्य एजेंसियों पर तमाम तरह के खर्च करने पड़ते हैं। अगर पाकिस्तान हमारा दोस्त होता, तो दहशतगर्दी से बचाव पर होने वाले ये तमाम खर्च हम शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास जैसे कामों पर कर रहे होते, जिसका फायदा भारत व उप-महाद्वीप के साथ-साथ विश्व को भी होता।

अच्छी बात है कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान को घेरना शुरू किया है। कुछ क्षेत्रों में सख्त कदम उठाए भी गए हैं। बालाकोट जैसी कार्रवाई की गई है। हमें इन प्रयासों को और गति देनी होगी। फवाद चौधरी जैसे पाकिस्तानी नेताओं का बयान इसमें हमारी मदद कर सकता है। हम ऐसे बयानों के आधार पर वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान को लगातार आईना दिखा सकते हैं। उसे धीरे-धीरे अनुशासन में लाना ही होगा। दुनिया भी आहिस्ता-आहिस्ता इस ओर बढ़ेगी। ऐसी ही रणनीतियों से यह उम्मीद है कि अफगानिस्तान से जब अमेरिका बाहर निकल जाएगा, तो उसका रवैया पाकिस्तान के खिलाफ बिल्कुल उलट होगा। यहां मुझे 90 की दशक की वह घटना याद आ रही है, जब मैं उच्चायुक्त के तौर पर पाकिस्तान में अपनी सेवा दे रहा था। एक दिन एक दावत में तमाम उच्चायुक्तों व राजदूतों के साथ वहां की संसदीय समिति के अध्यक्ष भी थे। मैंने उन्हें एक गैर-राजनीतिक सवाल पूछा कि आपके मुल्क की अर्थव्यवस्था नीचे जा रही है, कैसे निपटेंगे? पहले तो वह चौंके, फिर जवाब दिया, 'कोई बात नहीं, पश्चिम हमें संभालता रहा है, आगे भी वही हमें उबारेगा'। यानी, जिस मुल्क के सियासतदान बाहरी इमदादों को ही अपनी आमदनी मानते हों, उनकी सोच को भला हम कितना बदल सकेंगे?



## चेहरा

है हाल बद से बत्तर मजदूर आदमी का !
ये देख कर पिघलता दिल क्यूँ नहीं किसी का!
मजबूरियाँ तुम्हारी मौका बनी किसी का !
अब फायदा उठाते हैं लोग बेबसी का!
बदले है रंग पल में गिरगिट से भी जियादा !
पहचान में न आए चेहरा ये आदमी का!
हो जाए सर कलम या सूली चढ़ा दे कोई !
लिखना है सच हमेंशा ही काम शायरी का!
किस ओर चल पड़े हम किस ओर था यूँ जाना !
मांझी है कौन आखिर इस कश्ती डूवती का!
बातें करें जो मन की उसको सुनें लकी सब!
होता कहाँ मुकद्दर ऐसा भी हर किसी का!

**लक्ष्मी माहोर लकी**
**डी सी 560 डबुआ कलोनी फरीदाबाद हरियाणा**

## मौन के शब्द



मौन के भी शब्द होते हैं कभी सुनो तो सही ,मेरी आंखें माना मौन है , मगर सपने तो वो भी बुनती है ,तुम कहते हो मैं नहीं चलुंगा तुम्हारे संग इन वादियों में , मैं मौन होकर चल देती हूं अकेली ,तुम कहते हो मैं चलूं तुम्हारे संग हर पथरीली राह पर , मैं मौन हो चल देती हूं संग तुम्हारे , मौन का अर्थ ये नहीं कि वो पथरीली राहें मुझे चुभती नहीं , करते हो तिरस्कार मेरा सरे महफ़िल ,मैं रह जाती हूं मौन तो क्या मुझे तकलीफ़ नहीं ,छु लेती हूं तुम्हें तो कर लेते हो किनारा ,कभी बुझा कर अपनी पिपासा मोड़ लेते हो मुंह , कभी तो बन बदरा प्रेम सुधा रस बरसाओ ना , प्यासी धरा सी रह जाती हूं मौन तो क्या मेरे अहसास नहीं ? जिस दिन दे दिए शब्द मैनें अपने मौन को आ जाएगा एक ज़लज़ला
बह जाएगा जिसमें सबकुछ , सुनोगे जिस दिन मेरे मौन की गुंज बहरे हो जाओगे मेरे मौन के शब्दों से , इसलिए मुझे मौन रहने पर इतना मजबूर ना करो , मेरे मौन के शब्द सुनो ।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज,जगाधरी ( यमुनानगर )**



# अब नहीं पढ़ने वाले बच्चे भी पढ़ेंगे

अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छी तरह पढ़ाई कर आग बढ़े पर देखा गया है कि कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं जो पढ़ाई से पूरी तरह दूर होते हैं। किताबें, नोटबुक और पढ़ाई के नाम से वो ऐसे भागते हैं जैसे कितना बड़ा काम करने को उन्हें कह दिया गया हो। अगर आपके बच्चे को भी पढ़ना नही पसंद है तो कुछ आसान उपायों से आप उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

**कारण जानें:** ऐसे बच्चे जिन्हें पढ़ाई करना बिल्कुल भी नहीं पसंद हैं उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने का सबसे पहला प्रयास यह है कि आप उनकी समस्या को पहले पहचानें। बच्चे को पढ़ाई के दौरान कौन सा विषय अच्छा लगता है, उसे कोई चीज याद करने में दिक्कत होती है या फिर लिखने में। जब तक पढ़ाई को लेकर आप उसकी समस्या को नहीं समझेंगे और हल करेंगे तब तक बच्चे को पढ़ाई की ओर नहीं ले जा सकते।

**मनोरंजक तरीके अपनाएं:** पढ़ाई को लेकर बच्चे के मन में उत्साह लाने के लिए आपको थोड़ी मेहनत तो करनी ही होगी। पढ़ाई थोड़ी बोरियत वाली तो होती ही है ऐसे में उनमें अगर कुछ फन एलीमेंट भर दिए जाए तो बच्चों को पढ़ने में मजा ही आएगा। बच्चे को पढ़ाने के लिए अगर आप कोई प्रजेंटेशन आदि बना रहे हैं तो उसमें एनीमेटेड कैरेक्ट, वॉइस ओवर या बच्चों से जुड़ा कोई मनोरंजक अध्याय बनायें। पढ़ाई का यह तरीका बच्चों को रुचिकर लगेगा और वे पढ़ने के लिए उत्साहित होंगे। पढ़ाई के दौरान बहुत से ऐसे विषय होते हैं जिन्हें पढ़ना बच्चे बिल्कुल भी पसंद नहीं करते हैं और ऐसा हो नहीं सकता है कि कुछ विषय पढ़ें और कुछ को छोड़ दें। इसलिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि आप बच्चों को बोरिंग से लगने वाले विषय को भी कुछ फनीं तरीके से पढ़ाएं ताकि उन्हें कुछ नयापन मिले।

**वास्तविकता से जोड़ें:** पढ़ाई को और ज्यादा मजेदार बनाने के लिए आप उसे वास्तविकता से जोड़ें। विज्ञान, इतिहास, भूगोल आदि विषयों को आप सामान्य जनजीवन से जोड़ कर मनोरंजक तरीके से बच्चों को पढ़ा सकते हैं। इस प्रकार बच्चे उस विषय को और ज्यादा अच्छे तरीके से समझेंगे और उन्हें अच्छा भी लगेगा। किताबी ज्ञान को याद करने में वक्त भी लगता है जबकि व्यवहारिक तौर अगर उन्हें समझाया जाए तो वो जल्दी समझते हैं।

आमतौर पर देखा गया है पढ़ाई के दौरान बच्चे के साथ न तो टीचर और न ही अभिभावक कोई संवाद रखते हैं वो बस पढ़ाते जाते हैं और बच्चे को अपनी बात रखने का कोई मौका ही नहीं देते हैं। ये बातें भी बच्चों को पढ़ाई से भटकाती हैं। इसलिए घर में पढ़ाई के दौरान आप बातचीत जारी रखें। पढ़ाई के दौरान बीच-बीच में बच्चे के मन में सवाल उठ रहे हैं।

बहुत ज्यादा दबाव भी कई बार बच्चों को पढ़ाई से दूर करने का काम करता है। इसलिए आप बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान के लिए भी प्रोत्साहित करिए। उन्हें बाहर जाने, नई जगह जाने उनके बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करें।

# बच्चों को नींद न आए तो अपनाएं ये तरीके

भरपूर नींद लेना व सोना हमारे जीवन की जरूरतों में एक बहुत ही महत्वपूर्ण आवश्यकता है। छोटे बच्चों के लिए तो गहरी नींद की आवश्यकता और भी ज्यादा अधिक होती है क्योंकि उनका दिमाग ठीक से विकसित नही हुआ होता और उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अच्छी नींद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार बच्चों को भी नींद नही नहीं आने की समस्या होती है, ऐसे में उनकी इस परेशानी इस प्रकार दूर करें।



- बच्चों को अच्छी नींद के लिए उनके सोने और उठने का समय निर्धारित करें।
- उन्हें इस नियम का सख्ती से कुछ दिन पालम करवाएं।
- बच्चों को सुलाने के लिए कमरे में अंधेरा जरूर कर दें। अंधेरे में नींद से जुड़ा हार्मोन सक्रिय होता है और नींद लाने में सहायक होता है।
- बच्चे के रूम खिड़की के पर्दे लगा दे और और संभव हो तो दरवाजे को बंद कर दें जिससे बच्चे को कम से कम डिस्टर्ब हो।
- जब बच्चे सो रहे हैं हो, तो घर में तेज आवाज वाले उपकरण जैसे मिक्सी, वैक्यूम क्लीनर, आदि का इस्तेमाल न करें। इससे बच्चे नींद में डरकर जाग सकते हैं।
- बच्चों को सुलाने से पहले उन्हें हल्के गर्म पानी से नहलाकर, मालिश करने से भी उन्हें बहुत अच्छी नींद आती है।
- बच्चों के लिए दिन में भी एक घंटे की नींद लेना बहुत ही फायदेमंद होता है। एक शोध के मुताबिक इससे बच्चों की याददाशत तेज होती है।
- बच्चों से लिपट कर ना सोएं, वरना बच्चों को इसकी आदत हो जाती है और आपके हटते ही उनकी नींद टूट जाती है। अच्छा होगा कि आप अपने बच्चे को इस तरह की आदत ना डालें।
- बच्चों झूले या गोद में सोने की आदत ना डालें। यह आदत आपके लिए तो परेशानी की वजह बनेगी, साथ ही इसे छूटने में बहुत समय लग जाता है। बेहतर होगा कि जब बच्चा हल्की नींद में हो तभी उसे झूले से या गोद से निकाल कर बिस्तर पर सुला दें।

# बच्चों के बेहतर जीवन के लिए रखें ये सावधानियां



अगर आप अपने बच्चों के सामने शराब या सिगरेट पीते है, तो सावधान हो जाएं क्योंकि आपकी यह आदत आपके बच्चों के जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह सामने आया है कि माता-पिता की जीवनशैली का उनके बच्चों पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। अगर बच्चों के सामने उनके माता-पिता सिगरेट पीते हैं तो उनके बच्चों में भी बड़े होने पर सिगरेट पीने की लत लग जाती है। इसलिए अगर ऐसे आदत है तो उसे छोड़ देने में ही भलाई है। अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि माता-पिता की जीवनशैली का बच्चों पर 2 तरह से असर पड़ता है। पहला, जिन लोगों का बचपन गरीबी की हालत में गुजरता है। वो बड़े होकर भी उसी हालत में रहते हैं। वहीं दूसरा यह है कि बच्चों को भी अपने माता-पिता जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। इस अध्ययन में 50 और उससे ज्यादा की उम्र वाले लगभग 21,000 लोगों को शामिल किया गया। शोधकताओं ने इन लोगों में स्मोकिंग की लत, मोटापा, अल्कोहल की लत, एक्सरसाइज ना करने की आदत को उनके बचपन में उनके माता-पिता की आदतों के साथ तुलना कर के देखा है। इसमें पाया गया है कि माता-पिता की खराब आदतों के साथ, उनकी खराब सेहत का उनके बच्चों की सेहत पर भी काफी बुरा असर पड़ता हैं क्योंकि बच्चे हमेशा अपने माता-पिता की जीवनशैली और रहन-सहन का ही पालन करते हैं।

# बच्चों को खेलने दें



**बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ ही खेल भी अहम भूमिका निभाते हैं। खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल से बच्चे एक-दुसरे की भावना को समझने के साथ ही आदर करना भी सीखते हैं। खेल से बच्चे एक-दुसरे से मिल-जुल कर रहना सिखते हैं। खेल बच्चे के समाजिक विकास में भी सहायमा करता है। खेल भविष्य में बच्चे के आर्थिक विकास मे भी मदद करता है, क्योंकि ये आर्थिक आमदनी का भी माध्यम बन सकता है। खेल के माध्यम से बड़ों को भी बच्चे की रुचियों के बारे में जानकारी मिलती है। खेल बच्चों को अनुशासित बानाने में मदद करता है। खेल से भाईचारे की भावना उत्पन्न होती है। खेल बच्चे मे एकाग्रता उत्पन्न करता है। बच्चे के पूर्ण विकास के लिए खेल का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए बच्चों को खेलने का भरपुर मौका देना चाहिये।**



जो खेल घर के बाहर खेल जाते हैं उससे बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास दोनो होता है, परन्तु जो खेल घर के अन्दर(इंडोर) में खेले जाते हैं उनसे मानसिक विकास होता है। बच्चे के सम्पूर्ण विकास के लिए आउटडोर एक्टिविटी बहुत जरूरी होती है। तो, इस बात का ध्यान रखें कि बच्चा पढ़ाई के अलावा अन्य कामों में भी बराबर की भागीदारी करे। खेल किसी भी प्रकार का हो बच्चे को खुशी प्रदान करे तो बच्चे का विकास तय है। खेल और विकास में सबंध - खेल बच्चों के विकास के लिये बहुत हीं महतवपूर्ण होता है। बच्चे बहुत कुछ खेल-खेल में सीख जाते है। बच्चे का खेल के द्वारा विकास होता है। खेल बच्चे को खुशी देता है जोश का नया संचार करता है। खेलने से बच्चे की कार्यक्षमता बढती है। खेलने से बच्चे के आत्मविश्वास भी बढ़ता है। बच्चे खेलते समय अपने निर्णय खुद लेते है जिसकी वजह से उसके निर्णय लेने के गुण/कौशल का भी विकास होता है और साथ ही उसके आत्मविश्वास में भी बढ़ावा होता है। जब बच्चा किसी टीम का सदस्य बनकर खेलता है तो उसके भीतर दूसरों के साथ तारतम्य/समन्वय बना कर खेलने के गुण/कौशल का निर्माण होता है। साथ ही खेल के नियम का पालन करते हुए बच्चा नियमों का महत्त्व और उनका पालन करने की कला को भी सीखता है। इन सबके अलावा आपका बच्चा प्रतिस्पर्धा या कहें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के महत्त्व को भी पहचान पाता है। खेलने से बच्चा शारीरिक रूप से सक्रीय/फुतीर्ला होता है जिस कारण वह शारीरिक रूप से फिट रहता है। इससे उसके अन्दर स्टैमिना भी बढ़ता है। मानसिक रूप से भी बच्चा फिट रहता है इसके अलावा खेल बच्चे में कलात्मकता का भी विकास करता है। उसे सामाजिक बनने में मदद करता है। और यह गुण/कौशल उसे जीवन भर आगे बढ़ने में मदद करता है। खेलने से तनाव कम होता है और बच्चा मानसिक रूप से तारोताजा हो जाता है जोकि उसकी पढाई में उसकी मदद करता है। बच्चे का विकास स्वस्थ तरीके से हो तो उसके लिए खेल खेलना बहुत ही जरुरी है। एक बार जो बच्चों खेल के मैदान मं उतर आता है वह अपने आप ही अनुशासित हो जाता है।

दैनिक पुष्पांजली टुडे





## महेश भट्ट ने किया बड़ा खुलासा

# झूठे आरोप लगा रही हैं लवीना लोध



फिल्ममेकर्स महेश भट्ट और मुकेश भट्ट ने एक्ट्रेस लवीना लोध की ओर से लगाए गए आरोपों को गलत बताया है। अब महेश भट्ट और मुकेश भट्ट ने कानूनी एक्शन लेने के बाद एक स्टेटमेंट जारी किया है। फिल्ममेकर्स महेश भट्ट और मुकेश भट्ट ने एक्ट्रेस लवीना लोध की ओर से लगाए गए आरोपों को गलत बताया है। अब महेश भट्ट और मुकेश भट्ट ने कानूनी एक्शन लेने के बाद एक स्टेटमेंट जारी किया है, जिसमें लवीना लोध को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। साथ ही भट्ट बंधुओं को कहना है कि एक्ट्रेस की ओर से लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं और इस मामले वो कानूनी एक्शन ले चुके हैं। इतना ही नहीं, स्टेटमेंट में कहा गया है कि लवीना लोध यह झूठा दावा कर रही है कि उनके पति हमारे भांजे हैं। स्टेटमेंट में कहा गया है, मि. लोध और उनके पति सुमित सबरवाल के बीच साल 2016 से वैवाहिक विवाद चल रहा है और सुमित हमारी कंपनी विशेष फिल्म्स में काम करता है। हाल ही में उनके खिलाफ एक फ्लैट को खाली करने के लिए कार्रवाई की गई थी, जिस पर उन्होंने (लवीना) कब्जा कर रखा है। इस कार्रवाई के बाद ही एक रणनीति के तहत एक्ट्रेस ने हमारे खिलाफ और हमारे परिवार के सदस्यों को व्यक्तिगत रुप से निशाना बनाया है। भट्ट परिवार का कहना है कि लवीना लोध ने उनके फ्लैट पर कब्जा कर रखा है और उसे खाली करवाने की कार्रवाई करने के बाद लवीना ने यह कदम उठाया है। साथ ही भट्ट फैमिली ने अपने स्टेटमेंट में उनके खिलाफ मानहानि का केस करने की जानकारी दी है और एक्ट्रेस के आरोपों को झूठा बताया है। इसके अलावा महेश भट्ट की बहन ने भी एक्ट्रेस के खिलाफ केस दर्ज किया है और उनका कहना है कि लवीना का पति सुमित उनका काफी दूर का रिश्तेदार है और 2010 में दोनों की शादी के बाद से वो उनके घर में रह रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने भट्ट परिवार पर कई संगीन आरोप लगाए थे और उन्हें इंडस्ट्री का डॉन बताया था। साथ ही एक्ट्रेस का दावा है कि वो भट्ट परिवार के भांजे की पत्नी है। अब महेश भट्ट और उनकी बहन ने उन पर केस दर्ज किए हैं।

# सेट पर पुलिस की वर्दी में नजर आये जॉन अब्राहम



कोरोना महामारी के चलते जब से अनलॉक फेज में कुछ राहत मिली है। तभी से आम जनता से लेकर सितारों ने अपना काम शुरू कर दिया है। हाल ही में ,बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम और टी -सीरीज के मालिक की पत्नी दिव्या खोसला कुमार ने अपनी फिल्म सत्यमेव जयते 2 की शूटिंग शुरू की। दोनों स्टार्स ने नवाबो के शहर लखनऊ में फिल्म की शूटिंग शुरू की। और इसी बीच शूटिंग के सेट पर जॉन पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं।

दरअसल , फिल्म के डायरेक्टर मिलाप जावेरी ने शूट के दौरान जॉन के साथ कुछ फुर्सत के पल बिताने का सोचा और उसकी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया। फोटो में जहां मिलाप मास्क लगाए नजर आये वहीं जॉन पुलिस की वर्दी में कमाल लग रहे हैं। बता दें कि सत्यमेव जयते 2 की शूटिंग 21 अक्टूबर से ही शुरू हुई है। माना जा रहा है कि फिल्म की टीम जनवरी 2021 तक अपनी शूटिंग को जारी रखेगी । सत्यमेव जयते 2 साल 2021 में 12 मई को रिलीज होगी और यह फिल्म ओरिजनल से ज्यादा बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है। फिल्म की शूटिंग के बारे में फिल्म में लीड रोल निभा रहीं दिव्या खोसला ने इस बात की जानकारी अपने ट्वीट के जरिये दी थी। दिव्या ने एक फोटो को शेयर करते हुए लिखा था - आखिरकार डेढ़ साल बाद। मेरी फिल्म सत्यमेव जयते 2 फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। इस मौके के लिए बेहद आभारी हूँ। आपके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए मेरे सभी प्रिय प्रशंसकों और शुभचिंतकों को धन्यवाद। बताते चलें कि जॉन और दिव्या के साथ फिल्म में हर्ष छाबड़ा, गौतमी कपूर, शाद रंधावा, अनूप सोनी और साहिल वैद जैसे स्टार्स इसमें शामिल हैं।

## लगातार शो की शूटिंग करते रहने से सेट पर बेहोश हुई अनुष्का सेन

झांसी की रानी, देवों के देव महादेव जैसे टीवी शो में अनुष्का सेन टीवी का जाना माना नाम हैं। फिलहाल अनुष्का जी टीवी के अपना टाइम भी आएगा शो में काम कर रही हैं। इसी बीच खबर आ गई है शो में शूटिंग के दौरान वो अनुष्का बेहोश हो गयी। अनुष्का लगातार शो की शूटिंग कर रही थी, इस वजह से उनकी तबियत बिगड़ गई थी और फिर एक शॉट के लिए तैयार होते वक्त वो मेकअप रूम सेट पर बेहोश हो गई । हालांकि उनके लिए तुरंत एक डॉक्टर को बुलाया गया और अनुष्का को कुछ दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी गई है। दूसरी तरफ एक्ट्रेस को डॉक्टर्स ने कुछ लक्षण दिखने पर तुरंत कोविड 19 टेस्ट भी करवाने की सलाह दी गयी है। एक सूत्र ने बताया कि अनुष्का ने अभी तक टेस्ट नहीं कराया है। डॉक्टर ने अनुष्का को तीन दिनों तक उसके लक्षण देखने और फिर जरूरत पड़ने पर टेस्ट कराने को कहा है। वह बिना ब्रेक के शूटिंग कर रही थीं क्योंकि शो शुरू होना था और ऐसा लगता है कि उनके हेल्थ पर इसका असर पड़ा है। बहरहाल इस घटना पर खुद अनुष्का की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है।



## मुकेश खन्ना ने अब महिलाओं पर साधा निशाना, सोशल मीडिया पर हो रहे हैं ट्रोल !



अभिनेता मुकेश खन्ना इन दिनों लगातार खबरों में बने हुए हैं। पिछले दिनों वो कपिल के शो और अक्षय की फिल्म लक्ष्मी बॉम्ब के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे थे। इन दिनों सोशल मीडिया पर मुकेश खन्ना का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में मुकेश खन्ना मिटु पर अपने विचार रख रहे हैं और महिलाओं और पुरुषों को उनके कर्तव्यों का ध्यान दिला रहे हैं।

मुकेश खन्ना वीडियो में कह रहे है कि, दिक्कत तब शुरू हुई जब महिलाओं ने पुरुषों की बराबरी करने की ठानी और उनके कंधे से कंधा मिलाकर चलने लगीं। मुकेश का मानना है कि औरत की रचना अलग होती है और मर्द की अलग होती है। मुकेश कहते हैं, औरत का काम है घर संभालना, जो मैं कभी कभी बोल भी जाता हूं। मुकेश आगे कहते हैं कि, ये मी टू की प्रॉब्लम शुरू तब हुई जब महिलाओं ने घर से बाहर निकलकर काम करना शुरू किया। वे आज पुरुषों संग कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहती हैं। लेकिन इससे सबसे ज्यादा वो बच्चा सफर करता है जिसे अपनी मां से दूर होना पड़ता है। वो बच्चा एक आया के साथ रहने को मजबूर होता है। उसके साथ बैठकर क्योंकि सांस भी कभी बहू थी जैसे सीरियल देखता है।

वीडियो में मुकेश खन्ना ये बात भी कह रहे है कि, मर्द मर्द होता है और औरत, औरत रहती है। उनके इस वीडियो से सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया है। उन्हें बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा है। अब आगे ये देखना दिलचस्प होगा कि अपने इस पुराने वीडियो पर मुकेश खन्ना क्या सफाई पेश करते हैं। फिलहाल उन्हें अपने इस बयान पर लोगों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। कई ऐसे यूजर भी हैं जो कह रहे हैं कि शक्तिमान तो असल जिंदगी का किलविश निकला। वहीं कई ऐसे भी हैं जो मुकेश खन्ना के सभी सीरियल-शोज को बायकॉट करने की मांग कर रहे हैं। मालूम हो कि इससे पहले मुकेश खन्ना ने अक्षय की फिल्म लक्ष्मी बॉम्ब पर भी बयान दिया था । उन्होंने फिल्म को बैन करने की उठ रही मांग पर कहा कि फिल्म को बैन करना सही नहीं है क्योंकि लोगों ने अभी तक सिर्फ उसका ट्रेलर ही देखा है जबकि पिक्चर अभी बाकी है। लेकिन, फिल्म का नाम लक्ष्मी बॉम्ब होना सही नहीं है। क्या फिल्म के निमार्ता इसका नाम अल्लाह बॉम्ब या बदमाश जीसस रख पाएंगे? अगर नहीं तो फिर लक्ष्मी बॉम्ब क्यों? हालांकि, चारों तरफ से उठ रहे विरोध को देखते हुए फिल्म के निमार्ताओं ने इसका नाम बदलकर अब सिर्फ लक्ष्मी कर दिया है। वही मुकेश खन्ना कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो को लेकर भी काफी दिनों तक सुर्खियों में रहे। उन्होंने इस कॉमेडी शो को वाहियात और फूहड़ बताया था। उनका कहना था कि इस शो में मर्द औरतों के कपड़े पहनकर बदसलूकी करते हैं।

## सोनू निगम और संजय दत्त दुबई के लिए रवाना



एक्टर संजय दत्त और उनकी फैमिली के साथ मशहूर सिंगर सोनू निगम भी दुबई जा रहे हैं और सोनू निगम ने संजू बाबा के साथ दुबई जाने की तस्वीरें शेयर की हैं जो प्लेन के अंदर की है। बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने कैंसर से जंग जीत ली है और अब एक्टर कैंसर फ्री हो चुके हैं। एक्टर इन दिनों बीमारी की खबरों के साथ ही अपने लुक की वजह से भी खबरों में हैं, क्योंकि उन्होंने अपना लुख पूरी तरह बदल लिया है। फिलहाल, संजय दत्त मुंबई में अपना इलाज करवा रहे थे और अब वो एक बार फिर दुबई के लिए रवाना हो गए हैं। खास बात ये है कि एक्टर के साथ मशहूर सिंगर सोनू निगम भी दुबई जा रहे हैं और सोनू निगम ने संजू बाबा के साथ दुबई जाने की तस्वीरें शेयर की हैं, जो प्लेन के अंदर की है। तस्वीरों में सोनू निगम, संजय दत्त के साथ नजर आ रहे हैं और प्लेन में दिखाई दे रहे हैं। सोनू निगम ने संजय दत्त के साथ कई फोटो शेयर करने के साथ ही एक प्लेन का एक वीडियो भी शेयर किया है। सिंगर का कहना है कि वो संजय दत्त को इस तरह शाहन कर-के देखकर काफी खुश हुए हैं। सोनू निगम ने संजय दत्त के साथ सेल्फी भी शेयर की है और संजय दत्त की कई अन्य फोटो भी फैंस के साथ शेयर की है। सोनू निगम ने इस तस्वीरों के साथ लिखा है- एक बार फिर दुबई के लिए रवाना। साथ में बहादुर संजय दत्त भाई और उनके बच्चे भी हैं। गॉगल्स और शिफू, हमारे दो पपीज..अब दोनों दुबई में रहते हैं। लंबे समय से मेरे साथ जुड़े हुए मेरे ड्राइवर मुन्ना मुजनाबीन, मैं और संजू भाई इस ट्रिप पर एक साथ हैं। इन्हें ऐसे शाइन करके देखकर बहुत खुशी हुई। साथ ही मेरे भाई हरीश वसवानी की सासू मां सोनी हेमनानी भी हमारे साथ हैं। इस ट्रिप की कुछ तस्वीरें... मुझे पता है कि मैं पोस्ट करने में रेगुलर नहीं हूं। बता दें कि संजय दत्त की फैमिली अक्सर दुबई में रहती है। लॉकडाउन के दौरान भी फैमिली दुबई में ही थी, जिन्हें संजय दत्त काफी मिस करते थे। हालांकि, तबीयत खराब होने के बाद संजय दत्त दुबई गए थे और अपनी फैमिली को लेकर आए थे। अब ठीक होने के बाद संजय दत्त एक बार फिर दुबई जा रहे हैं। वहीं, संजय दत्त के ब्लॉन्ड हेयर वाला लुक भी लोगों को काफी पसंद आ रहा है।



## आमिर खान की बेटी इरा ने हैलोवीन पर शेयर की फोटो, कहा

# बच्चों को डराने का था प्लान

आमिर खान की बेटी इरा खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में इरा ने हैलोवीन के मौके पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। फोटोज में इरा हैलोवीन लुक में नज़र आ रही हैं। उन्होंने अपने आधे चेहरे पर ब्लैक मेकअप किया है। इसके साथ ही उन्होंने ब्लैक जैकेट पहना है। इरा ने फोटोज शेयर करते हुए लिखा, तो क्या हुआ अगर भारत में हैलोवीन को धूमधाम से नहीं मनाते। तैयार और सेलिब्रेशन के लिए बहाना क्या? इरा ने आगे लिखा, सोचा तो था कि अपनी बिल्डिंग के बच्चों को डराऊंगी लेकिन कोविड की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। अब हम तैयार होकर घर पर बैठकर एंजॉय कर रहे हैं।

### मेंटल हेल्थ पर शेयर किया था वीडियो

इरा ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे पर वीडियो शेयर कर कहा था, मैं करीब 4 सालों से डिप्रेशन में हूं। मैं क्लिनिकली डिप्रेस्ड हूं। मैं इसका इलाज कराने डॉक्टर के पास भी गई थी। अब मैं पहले से बेहतर महसूस कर रही हूं। पिछले 1 साल से मैं मेंटल हेल्थ को लेकर कुछ करना चाहती थी लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। फिर मैंने सोचा कि मैं आपको अपनी जर्नी पर लेकर चलती हूं। अपने वीडियो को शेयर करते हुए इरा ने लिखा था, बहुत कुछ चल रहा है, बहुत सारे लोगों के पास कहने के लिए बहुत कुछ है. चीजें वास्तव में भ्रामक और तनावपूर्ण हैं, आसान और ठीक है लेकिन ठीक नहीं है, यही जीवन है।

### फिर ट्रोलर्स की लगाई थी क्लास

इरा के मेंटल हेल्थ वीडियो पर ट्रोलर्स ने गंदे कमेंट किए थे जिस पर इरा ने कहा था, अगर मेरे मेंटल हेल्थ पर आपने गलत कमेंट्स किए तो मैं आपके कमेंट को डिलीट कर दूंगी। आपने दोबारा कमेंट किया तो मैं आपको अपने पोस्ट पर कमेंट करने के एक्सेस से हटा दूंगी।

## सोनू सूद के फैन ने की मालदीव जाने की डिमांड, एक्टर ने दिया मजेदार जवाब



बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद लोगों के बीच एक रियल हीरो की इमेज रखते हैं। महामारी के बीच सोनू ने प्रवासी मजदूरों से लेकर ना जाने कितने जरूरतमंद लोगों की मदद की है। मुश्किल के वक्त में सोनू सूद किसी मसीहा है से कम नहीं साबित हुए। अपनी टीम के साथ सोनू ने दिन-रात लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए काम किया है। सोशल मीडिया के जरिए सोनू सूद के साथ अक्सर उनसे मदद मांगते रहते हैं। सोनू भी कभी अपने फैंस को निराश होने का मौका नहीं देते। इसी बीच सोनू सूद के एक फैन ने ट्विटर पर टैग करते हुए अपनी एक ख्वाहिश जाहिर की है। दरअसल एक यूजर ने सोनू सूद को टैग करते हुए ट्वीट किया, सर, मुझे मालदीव जाना है पहुंचा दो न। इसके जवाब में सोनू सूद ने लिखा, साइकिल पर जाओगे या रिक्शा पर भाई। सोशल मीडिया पर सोनू सूद के इस ट्वीट को खूब पसंद किया जा रहा है। सोनू सूद के ट्वीट को उनके चाहनेवाले काफी पसंद कर रहे हैं। इससे पहले भी सोनू ने अपने कई फैंस को इस तरह के मजेदार जवाब दिए हैं। सोनू के इस रिप्लाई पर फैंस के रिएक्शन आने शुरू हो गए हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, उनके लिए प्राइवेट जेट खरीद दीजिए। अगले दिन कोई मंगल ग्रह तक पहुंचने के लिए रॉकेट की मांग करेगा। दूसरे यूजर ने लिखा, उसके लिए बैलगाड़ी परफेक्ट रहेगी। हंसी मजाक के साथ-साथ सोनू देश के मुद्दों को लेकर भी लोगों को जागरूक करते हुए नजर आते हैं। हाल ही में सोनू ने बिहार चुनाव को लेकर ट्वीट किया था और जनता से दिमाग लगाकर वोट करने की अपील की थी। सोनू सूद का बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया यह ट्वीट खूब सुर्खियां बटोरीं । सोनू सूद सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और अपने फैंस के साथ भी जुड़े रहते हैं। इसके साथ ही सोनू सूद कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय भी पेश करते हैं।

## न्यूज. ब्रीफ

### चीन की मदद से संविधान बदलने की सोचने वालों को भेजना चाहिए अंडमान : राउत

**मुंबई।** हाल में नजरबंदी से रिहा हुई पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी चीफ महबूबा मुफ्ती के अनुच्छेद 370 को लेकर दिए बयान के बाद सियासी घमासान मचा हुआ है। शिवसेना नेता और



राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने उनके इस बयान को लेकर शनिवार को महबूबा पर निशाना साधा। राउत ने कहा कि अगर कोई चीन की मदद से भारतीय संविधान को बदलने की बात करता है तो उसे गिरफ्तार कर दस वर्षों के लिए अंडमान भेज देना चाहिए। शिवसेना प्रवक्ता ने कहा, चाहे फारूक अब्दुल्ला हों या फिर महबूबा मुफ्ती, अगर कोई भी चीन की मदद से भारतीय संविधान को बदलने की बात करता है तो उसे गिरफ्तार कर 10 वर्षों के लिए अंडमान भेजा जाना चाहिए। कैसे वे खुलेआम घूम रहे हैं? इससे पहले, संजय राउत ने कहा था कि यदि पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती, नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला या फिर कोई और जो जम्मू कश्मीर में चीन की मदद से दोबारा अनुच्छेद 370 बहाल करना चाहता है उसके खिलाफ केन्द्र सरकार की तरफ से कड़ा कदम उठाया जाना चाहिए। संजय राउत का यह बयान शुक्रवार को पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकार डेक्लरेशन (पीएजीडी) के प्रतिनिधिमंडल और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के नेताओं के बीच मुलाकात के बाद शुक्रवार को आया। उमर अब्दुल्ला के अलावा उस प्रतिनिधिमंडल में अन्य नेता थे गुलाम नबी लोन हंजुरा, नासीर आलम वाणी, मुजफ्फर शाह और वाहीद पर्रा।

### बिजली चोर को दिनभर कोर्ट में खड़े रहने की मिली सजा

**नई दिल्ली।** बिजली चोरी के एक मामले में अदालत ने एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। हालांकि इस व्यक्ति ने बिजली कंपनी को उसका बकाया दे दिया है, लेकिन अदालत ने कहा कि बिजली चोरी का अपराध साबित हुआ है और जब अपराध हुआ है तो सजा भी मिलना जरूरी है। इसलिए बिजली चोरी के अपराधी को अदालती कार्यवाही के दौरान दिनभर कोर्ट रूम में खड़े रहने की सजा सुनाई जाती है। तीस हजारी कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विद्या प्रकाश ने दोषी शमीम को कोर्ट रूम में खड़े रहने की सजा सुनाते हुए कहा कि बिजली कंपनी की तरफ से कहा गया है कि शमीम ने कंपनी के बकाया रकम की भरपाई कर दी है। ऐसे में अदालत चाहे तो उसे छोड़ सकती है। अदालत ने कहा कि बिजली चोरी के इस मामले में बकायदा पूरी सुनवाई चली है। गवाहों के बयान दर्ज हुए है और तकनीकी साक्ष्यों पर गहनता से जांच की गई है। तमाम साक्ष्य व गवाह से साबित हुआ है कि आरोपी शमीम सीधे मेन लाइन से बिजली चोरी कर रहा था। अब क्योंकि अपराध हुआ है तो सजा भी होना तय है। अदालत ने कहा कि इसके पीछे एक वजह और भी है। इस मामले में दोषी को एक अपराध के लिए साज सुनाए जाने से उसका आपराधिक रिकॉर्ड तैयार होता है। अगर उसे ऐसे ही छोड़ दिया जाता है तो उसके पूर्व में कृत्य को रिकॉर्ड पर लाना संभव नहीं है, जोकि अनिवार्य है। भविष्य में दोषी द्वारा गलत कृत्य किए जाने पर यह अपराध भी उसमें गिना जाएगा।




### मैक्सिको के सीमाई इलाके में टेलीविजन एंकर की गोली मार कर हत्या

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको में सीमाई इलाके के शहर सियूदाद वॉरेज में एक टेलीविजन पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अभियोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिहुआहुआ राज्य के अभियोजकों ने बताया कि पत्रकार अतुरी अल्बा मेडिना का शव बृहस्पतिवार को सड़क पर मिला, उन्हें गोली लगी थी। उन्होंने बताया कि पत्रकार की हत्या में कम से कम दो हमलावर शामिल थे। अभियोजकों ने दोषियों को सजा दिलाने का संकल्प लिया है। अभियोजकों ने बताया मेडिना एक टीवी एंकर के रूप में काम करते थे और एक स्थानीय कॉलेज में प्रवक्ता भी रह चुके थे। वह मल्टीमीडियोज टेलीवीजन पर शो लेकर आए थे और उन्होंने अपराध और हिंसा पर रिपोर्टिंग की थी। पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़ी एक समिति ने इस ह्यनृशंस हत्याद्ब की निंदा की है और प्रशासन से तत्काल पारदर्शी तरीके से जांच की मांग की है। मैक्सिको में इस साल अब तक सात पत्रकारों की हत्या हो चुकी है और पिछले 20 वर्षों में 140 से ज्यादा पत्रकार यहां मारे गए हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं संबंधी रूसी प्रस्ताव को किया अस्वीकार

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने वैश्विक शांति को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में महिलाओं की समान भागीदारी की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र के कदमों की 20वीं वर्षगांठ पर रूस के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। प्रस्ताव का विरोध करने वालों ने कहा कि यह मसौदा प्रस्ताव मानवाधिकारों और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में असफल रहा है। प्रस्ताव पर ईमेल के जरिए मतदान हुआ,इसमें पांच देशों ने इसका समर्थन किया, वहीं 10 देशों ने मतदान से स्वयं को दूर रखा। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम नौ मतों की जरुरत थी। रूस के प्रस्ताव को रूस, चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया और दक्षिण अफ्रीका ने समर्थन दिया, जबकि अमेरिका,ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम, डोमिनिकन गणराज्य, जर्मनी, एस्टोनिया, नाइजर, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस और ट्यूनीशिया ने मतदान में भाग नहीं लिया। प्रस्ताव के विरोधियों ने कहा कि रूसी मसौदे ने 2000 में पारित शुरूआती संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव और इसके बाद पारित नौ प्रस्तावों को कमजोर किया, लेकिन रूस ने इस बात से इनकार किया है।

# राजस्थान में 3 नगर निगमों के लिए मतदान जारी

**जयपुर।** राजस्थान में वैश्विक महामारी कोरोना के बीच जयपुर ग्रेटर, जोधपुर दक्षिण और कोटा दक्षिण नगर निगमों के चुनाव के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण चल रहा है और सुबह दस बजे तक लगभग 20 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग किया। नगर निगम के दूसरे चरण के तहत इन तीनों निगमों के लिए सुबह साढ़े सात बजे मतदान शुरू हुआ जो शांतिपूर्ण चल रहा है और अब तक कहीं से भी कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली हैं। मतदान के प्रारंभ में कुछ मतदान केन्द्रों में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों में मामूली गड़बडी की शिकायतें मिली, जिनका तुरंत समाधान कर दिया गया। मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा जा रहा है और मतदान शुरू होते ही विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारें लगना शुरू हो गई और धीरे धीरे मतदाताओं के वोट डालने के लिए घर से बाहर निकलने पर लम्बी लम्बी कतारें देखने को मिल रही है। कोरोना के चलते सभी मतदाता मास्क पहनकर



एवं उचित दूरी बनाकर अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं।

मतदान जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में इन तीनों निगमों के लिए सुबह दस बजे तक करीब 20 प्रतिशत मतदाता अपना मत डाल चुके थे। इस दौरान कोटा में कोटा दक्षिण नगर निगम के लिए जारी मतदान में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने वार्ड संख्या दो में मतदान केन्द्र संख्या 143 पर अपना मत डाला। इस अवसर बिड़ला ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने का यह अच्छा अवसर हैं। इसी तरह जयपुर में जयपुर ग्रेटर नगर निगम के चुनाव में भारतीय जनता पाटी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनियां ने अपने क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्र पर अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद डा पूनियां ने मीडिया से दावा किया कि प्रदेश में छह नगर निगम के चुनावों में सभी निगमों में भाजपा का बोर्ड बनेगा। जयपुर सांसद रामचंद्र बोहरा, पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ , विधायक अशोक लाहोटी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रविवार को हो रहे तीनों नगर निगम के चुनाव में सत्तारुढ़ कांग्रेस, विपक्ष भाजपा एवं अन्य दलों निर्दलीयों सहित 1287 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे है। इस चरण में 310 वार्डों के 3211 मतदान केंद्रों पर 19 लाख 45 हजार 575 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें जयपुर ग्रेटर के 150 वार्डों के 12 लाख 29 हजार 202, जोधपुर दक्षिण के 80 वार्डों के तीन लाख 40 हजार 56 तथा कोटा दक्षिण नगर निगम के लिए 80 वार्डों के तीन लाख 76 हजार 317 मतदाता शामिल हैं। मतदान शाम साढ़े पांच बजे तक होगा। जयपुर, जोधपुर और कोटा के छह नगर निगमों के लिए मतगणना तीन नवंबर को सुबह नौ बजे से शुरू होगी।

## राजस्थान सरकार और गुर्जर नेताओं के बीच नहीं बनी सहमति? बैंसला बोले- जारी रहेगा आंदोलन

**जयपुर।** गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति द्वारा रविवार से प्रस्तावित आंदोलन के बीच गुर्जर नेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को जयपुर में गहलोत सरकार के साथ वार्ता की। खबर आई कि दोनों पक्षों में 14 बिंदुओं पर सहमति बन गई। लेकिन इस बीच गुर्जर नेता विजय बैंसला ने राजस्थान के भरतपुर में कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। उनमें गुस्सा है। हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हमने गहलोत जी से बात की है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। इससे पहले बैठक में शामिल हुए गुर्जर नेता हिम्मत सिंह ने बातचीत को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे समाज संतुष्ट होगा और उसे आंदोलन की जरूरत नहीं पड़ेगी। बैठक में हालांकि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला शामिल नहीं हुए। यहां सचिवालय में मंत्रिमंडलीय उपसमिति व गुर्जर नेताओं के प्रतिनिधि मंडल की लगभग सात घंटे चली बैठक के बाद रात में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने उन 14 बिंदुओं को पढ़कर सुनाया जिन पर सहमति बनी है। युवा मामले व खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि समझौते के बिंदुओं की पालना तुरंत प्रभाव से की जाएगी। वहीं गुर्जर नेता हिम्मत सिंह ने सरकार के साथ बातचीत को सकारात्मक बताते हुए कहा कि सरकार को इन बिंदुओं पर तय समय के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए ताकि गुर्जर समाज को आगे आंदोलन की राह नहीं पकड़नी पड़े। उन्होंने कहा कि समाज संतुष्ट होगा तो आगे आंदोलन नहीं होगा। बैठक में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला शामिल नहीं हुए। इस पर हिम्मत सिंह ने कहा कि अगर सरकार के साथ 14 बिंदुओं पर बनी सहमति से समाज संतुष्ट होता है तो बैंसला भी संतुष्ट होंगे।

# छपरा रैली में क्क्रमोदी बोले- यूपी के डबल-डबल युवराज को जनता ने घर लौटा दिया, वो ही बिहार में होगा

**छपरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छपरा रैली के दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज बिहार के सामने, डबल इंजन की सरकार है, तो दूसरी तरफ डबल-डबल युवराज भी हैं। डबल इंजन वाली एनडीए सरकार, बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, तो ये डबल-डबल युवराज अपने-अपने सिंहासन को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। ये डबल युवराज, बिहार के लिए नहीं सोच सकते, बिहार की जनता के लिए नहीं सोच सकते। उन्होंने कहा कि 3-4 साल पहले यूपी के चुनाव में भी डबल-डबल युवराज बस के ऊपर चढ़कर लोगों के सामने हाथ हिला रहे थे। यूपी की जनता ने वहां उन्हें घर लौटा दिया था। वहां के एक युवराज अब जंगलराज के युवराज से मिल गये हैं। यूपी में जो डबल-डबल युवराज का हुआ, वो ही बिहार में होगा। आज बिहार की महिलाएं, यहां की बेटियां, यहां के लोग ह्ल के विरोधियों से यही कह रहे हैं। एनडीए के वोट ना देब त का तोहरे के देब?

**पीएम मोदी छपरा रैली की खास बातें**-1 - कोरोना के काल में किसी मां को ये चिंता करने की जरूरत नहीं है कि छठ पूजा को कैसे मनाएंगे। अरे मेरी मां! आपने अपने बेटे को दिल्ली मैं बैठाया है, तो क्या वो छठ की चिंता नहीं करेगा! मां! तुम छठ की तैयारी करो, दिल्ली में तुम्हारा बेटा बैठा।

2- दुनिया में आज कोई ऐसा नहीं है, जिसे कोरोना ने प्रभावित न किया हो, जिसका इस महामारी ने नुकसान न किया हो। एनडीए की सरकार ने कोरोना की शुरुआत से ही प्रयास किया है कि वो इस संकटकाल में देश के गरीब, बिहार के गरीब के साथ खड़ी रहे। आज आत्मनिर्भर बिहार के जिस संकल्प को लेकर हम चले हैं, उसकी प्रेरणा और प्रोत्साहन सुशासन है, बिहार का बेहतर होता इंफ्रास्ट्रक्चर है।

3- जिसकी नजर हमेशा गरीब के पैसों पर हो, उसे कभी गरीब का दुख, उनकी तकलीफ दिखाई नहीं देगी। वहीं भाजपा के नेतृत्व में, एनडीए का हमारा गठबंधन देश के गरीब के जीवन से, बिहार के गरीब के जीवन से मुश्किलें कम कर रहा है।

4- वो अब मुझे भी गाली देने लगे हैं। ठीक है, मुझे गाली दे दीजिए, जो मन आए बोलिए लेकिन अपना गुस्सा बिहार के लोगों पर तो मत उतारिए। भाजपा के लिए, एनडीए के लिए आपका ये प्रेम कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा। उनकी हताशा-निराशा, उनकी बौखलाहट, उनका गुस्सा अब बिहार की जनता बराबर देख रही है।

5- पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव सभाएं हमने पहले भी देखी हैं, चुनाव में कितनी भी गर्मी आई हो, चुनाव कितना भी नजदीक क्यों न आ गया हो। तो भी सुबह 10 बजे से पहले इतनी बड़ी विशाल रैली कभी संभव नहीं होती।

6- पहले चरण के मतदान से साफ नजर आ रहा है कि नीतीश बाबू के नेतृत्व में एनडीए की सरकार दोबारा बन रही है। पहले चरण के मतदान में आपने एनडीए को जो भारी समर्थन के संकेत दिए हैं और जिन्होंने भी मतदान किया है, उनका मैं अभिनंदन करता हूं।

7- जब छठी मईया की पूजा के दौरान, गंगाजी के किनारे हजारों-हजार महिलाओं की भीड़ जुटती है, तो उनकी सबसे बड़ी जरूरत होती है, साफ गंगा जी का पानी, स्वच्छता। गंगा जी के पानी को स्वच्छ करने के लिए बीते वर्षों में जो प्रयास हुए हैं, उसका असर आप भी देख रहे हैं।

8- आज बिहार के गांव सड़क, बिजली, पानी जैसी मूल सुविधाओं से कनेक्ट हो रहे हैं। अगर नीयत होती, इच्छाशक्ति होती, तो ये काम डेढ़ दशक पहले भी हो सकते थे। आज के नौजवान को खुद से पूछना चाहिए कि बड़ी-बड़ी परियोजनाएं जो बिहार के लिए इतनी जरूरी थीं, वो बरसों तक क्यों अटकीं रहीं? बिहार के पास सामर्थ्य तब भी भरपूर था। सरकारों के पास पैसा तब भी पर्याप्त था। फर्क सिर्फ इतना था कि तब बिहार में जंगलराज था।

9- पुल बनाने के लिए कौन काम करेगा जब इंजीनियर सुरक्षित नहीं हो? कौन सड़क बनाएगा जब ठेकेदार की जान चौबीसों घंटे खतरे में हो। किसी कंपनी को अगर कोई काम मिलता भी था, तो वो यहां काम शुरु करने से पहले सौ बार सोचती थी। ये है जंगलराज के दिनों की सच्चाई, ये है जंगलराज के प्रतीकों की सच्चाई।

10- बिहार के नौजवान याद करें कि बचपन में उनकी मां क्या कहा करती थीं-वो कहती थीं- घर के भीतर ही रहो, बाहर मत निकलना, बाहर 'लकड़सुंघवा' घूम रहा है। बच्चों की माताएं उन्हें लकड़सुंघवा से क्यों डराती थीं? उन्हें डर था अपहरण करने वालों से, किडनैपिंग करने वालों से।

## यहूदी बस्तियों के विस्तार का विरोध

वेस्ट बैंक ऑफ नब्लस के पास कुफ कदूम गांव में यहूदी बस्तियों के विस्तार के विरोध में संघर्ष तेज हो गया है। इस दौरान इजरायली सैनिकों पर पथराव करने के लिए प्रदर्शनकारी गुलेल का उपयोग कर रहे हैं।



# पेरिस की सड़कों पर लग गया 700 किलोमीटर लंबा जाम

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए फ्रांस में दूसरे लॉकडाउन की घोषणा कर दी गई। सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर से लड़ने के लिए ये कदम उठाया है। फ्रांस में गुरुवार शाम को लॉकडाउन की घोषणा हुई जिसके बाद से लोगों में हलचल मच गई। इसके बाद फ्रांस की राजधानी पेरिस में 700 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जान देखने को मिला। लोग अपना सामान लेकर अपने परिवार-दोस्तों के पास और जरूरी सामान खरीदने के लिए जा रहे थे। आस-पास के इलाकों को जोड़कर देखते हैं तो मालूम चलता है। ये जाम 700 किलोमीटर तक लंबा था। कहा जा रहा है इस लंबे जाम का कारण लगने वाला नया लॉकडाउन था। जिसकी वजह से लोगों को एक महीने तक अपने घर के अंदर रहना होगा।



लोग इस घोषणा के प्रभावी होने से पहले ही अपनी गाड़ियां उठाकर निकल पड़े। जिस कारण ये जाम लग गया। जाम लगने का दूसरा बड़ा कारण था इस वीकेंड पर पड़ने वाला सेंट्स डे हॉलीडे। इसलिए लोगों ने जाने में ज्यादा तेजी दिखाई। फ्रांस में चिंताएं बढ़ रही थी कि बढ़ता संक्रमण देश की स्वास्थ्य प्रणाली को प्रभावित करेगा। इसलिए अधिकारियों ने शुक्रवार से चार सप्ताह के लॉकडाउन का आदेश दिया। इस दौरान जो सबसे ज्यादा व्यस्त जगहें थीं, वो किराना स्टोर और बाजार थे क्योंकि लोगों ने भोजन और अन्य आवश्यकताओं का स्टॉक किया था। फ्रांस के सभी 6,7 करोड़ लोगों को हर समय घर पर रहने का आदेश दिया गया है। इस दौरान कोई भी आने-जाने वाला किसी के घर नहीं जा सकता है। हां लेकिन घर के 1 किलोमीटर के भीतर एक दिन के व्यायाम के लिए एक घंटे के लिए बाहर जाने की अनुमति दी जा सकती है।

# सर्वेक्षण के मुताबिक ट्रंप को नुकसान, एशियाई अमेरिकी मतदाता संभवत: बाइडेन का करेंगे समर्थन

न्यूयॉर्क ■ एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप पिछड़ सकते है ऐसा मतदान से पहले किए गए एक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है। सर्वे के मुताबिक एशियाई, अफ्रीकी और लातिन अमेरिकी मतदाता चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन को बड़ी संख्या में वोट देंगे, जबकि श्वेत मतदाता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन देंगे। सितंबर से अक्टूबर तक 71,000 लोगों से ऑनलाइन मिली प्रतिक्रिया के आधार पर ह्य2020 कॉपरेटिव इलेक्शन स्टडीद्ब (चुनावी अध्ययन) में पाया गया कि सभी संभावित मतदाताओं में से 51 प्रतिशत मतदाता बाइडेन को पसंद करते हैं जबकि 43 प्रतिशत लोग ट्रंप का समर्थन करते हैं। बाइडेन 18 वर्ष से 29 वर्ष और 30 वर्ष से 44 वर्ष तक के आयुवर्ग के लोगों की पसंद हैं, जबकि 65 साल या इससे अधिक उम्र वाले 53 प्रतिशत मतदाताओं ने ट्रंप को अपनी पसंद बताया। नस्ल और जातीयता के आधार पर मतदाताओं का वर्गीकरण करते हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि 65 प्रतिशत एशियाई-अमेरिकी बाइडेन का समर्थन करते हैं जबकि इस समूह के सिर्फ 28 प्रतिशत लोगों ने ट्रंप को अपनी पसंद बताया। वहीं 86 प्रतिशत अश्वेत मतदाताओं ने बाइडेन का समर्थन किया।

# घर के भीतर तेजी से फैलता है कोरोना वायरस



**वाशिंगटन।** एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि घरों के भीतर नोवेल कोरोना वायरस का प्रसार तेजी से होता है। घर के एक सदस्य को संक्रमण होने के बाद अन्य सदस्यों के जल्द संक्रमित होने का खतरा अधिक है। इस अध्ययन के निष्कर्ष मॉर्बिडिटी एंड मॉर्टेलिटी वीकली रिपोर्ट नामक पत्रिका में प्रकाशित किए गए हैं। अध्ययन के दौरान अनुसंधानकर्ताओं ने अमेरिका में 101 घरों का आकलन किया। उन्होंने बताया कि घर के भीतर संक्रमण के प्रसार में तेजी देखी गई। कोरोना संक्रमित व्यक्ति के साथ घरों में रह रहे करीब 51 फीसदी लोग कोरोना से संक्रमित हुए।

**बच्चों से भी हो सकता है प्रसार**-अमेरिका के वैंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में हेल्थ पॉलिसी के एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन के सह-लेखक कार्लोस जी ग्रिजेलवा ने कहा कि हमने देखा कि घर के पहले सदस्य के बीमार होने के बाद अन्य सदस्यों में संक्रमण तेजी के साथ फैला, चाहे पहला बीमार घर का सदस्य बच्चा हो या फिर वयस्क। अध्ययन के मुताबिक घर के भीतर कोरोना का प्रसार बच्चों और वयस्कों दोनों से फैल सकता है।

**पांच दिनों में घर के दूसरे सदस्य को संक्रमण**-अध्ययन में शामिल परिवारों की निगरानी के दौरान पाया गया कि घर के दूसरे सदस्य को संक्रमण होन के मामलों में 75 फीसदी में संक्रमण पांच दिनों के भीतर फैला। ग्रिजेलवा ने कहा कि घर के एक सदस्य के संक्रमित होने के बाद दूसरे में यह संक्रमण सिर्फ पांच दिन के भीतर ही पाया गया। जबकि कुछ समय बाद घर के अन्य सदस्यों ने लक्षण महसूस किए।

**संक्रमित के त्वरित अलगाव से प्रसार में कमी**-अध्ययन में बताया गया कि कोरोना संक्रमित व्यक्तियों का त्वरित अलगाव घरेलू संचरण को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्ति को घर में अलग कमरे में रहना चाहिए और अलग शौचालय का प्रयोग करने के साथ ही अन्य दिशा-निर्देशों का भी पालन करना चाहिए।

# निकिता की हत्या के बाद पुलिस को चकमा देना चाहता था तौसिफ, बदला था हुलिया

**फरीदाबाद।** निकिता मर्डर केस में पुलिस की जांच के दौरान एक और खुलासा हुआ है। निकिता की हत्या को अंजाम देने के बाद फरार हुए आरोपियों तौसीफ व उसके साथी रेहान ने पुलिस को चकमा देने के लिए अपना हुलिया भी बदल दिया था। इसके लिए पहचान का नाई बुलाकर सिर के बाल कटवाए थे। आपको बता दें कि छात्रा निकिता की हत्या की जांच को लेकर एसआईटी शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे निकिता के घर पहुंची। करीब एक घंटे तक परिवार के सदस्यों से हत्याकांड को लेकर जानकारी जुटाई। उधर, निकिता हत्याकांड के विरोध में शनिवार को बल्लभगढ़ के बाजार में विरोध मार्च निकाला गया।

दरअसल, तौसीफ के सिर के बाल काफी लम्बे थे। इसके चलते शुरुआत में दोनों ने अपने एक रिश्तेदार के निर्माणाधीन मकान



में शरण लेकर अपना हुलिया बदला था। सीसीटीवी फुटेज को देख निकिता के भाई ने उसे पहचान लिया था, इसलिए हुलिया बदलने के बावजूद उसे पुलिस ने धर दबोचा। परिजनों ने बताया कि करीब एक घंटे तक चली बातचीत के दौरान पुलिस ने सभी बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा की। इस दौरान वर्ष 2018 में हुए अपहरण से लेकर हत्याकांड तक का पूरा ब्योरा जुटाया। निकिता के पिता मूलचंद, भाई नवीन तथा मामा एदल सिंह रावत एडवोकेट ने कहा कि एसआईटी की टीम ने उसने घटना से संबंधित सभी एंगल से जानकारी जुटाई। वे टीम की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट हैं। टीम में चार सदस्य थे। इनमें पुलिस के दो अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने एक-एक पहलू पर गौर करते हुए कागजों पर अंकित किए। अब उन्हें उम्मीद है कि कुछ न कुछ परिणाम जल्द ही निकल जाएगा। उधर, शनिवार को बल्लभगढ़ के बाजार में विरोध मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारी हत्यारों को फांसी देने की मांग कर रहे थे। विरोध मार्च पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर के नेतृत्व में निकाला गया।

### पुलिस अधिकारी की भूमिका की जांच को लिखा पत्र

सुप्रीम कोर्ट के वकील राजीव यादव ने शनिवार को पुलिस आयुक्त ओपी सिंह को चिट्ठी लिखकर मांग की है कि इस मामले में तौसीफ के रिश्तेदार पुलिस अधिकारी की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि साल 2018 में तौसीफ के निकिता का अपहरण करने के मुकदमे में निकिता के परिवार पर इसी अधिकारी ने समझौते का दबाव बनाया था।

### ... और जब निकिता के पापा विजय तोमर हुए भावुक

पढ़ाई सहित अन्य गतिविधियों में निकिता द्वारा जीते जाने वाले शील्ड में मेडल को दिखाते हुए निकिता के पापा मूलचंद वह मां विजय तोमर भावुक हो गए। उन्होंने हिंदुस्तान को बताया कि उनकी बेटी की प्रारंभिक शिक्षा रावल इंटरनेशनल स्कूल में हुई जहां उसने हमेशा ही अव्वल स्थान पाया और वह अन्य प्रकार की गतिविधियों में भी आवर रहती थी यही मेडल उसी का नतीजा है जब वे मेडल जीत कर लाती थी तो बेहद खुश होती थी और कहती थी पापा मम्मी आपका संजोया हुआ सपना वह एक ना एक दिन देश का भला अधिकारी बनकर पूरा करें कमरे में लगी शील्ड को दिखाते हुए पिता मूलचंद बोलते हैं कि उन्होंने हमेशा ही अपनी बेटी में एक वरिष्ठ अधिकारी का चेहरा देखा था। उन्होंने कभी सपने में नहीं सोचा था उनकी बेटी की इस तरीके से हत्या कर दी जाएगी इतना ही नहीं उन्होंने बताया की बेटी की काबिलियत को देखकर उन्होंने उसकी शादी की चिंता भी छोड़ देती कि वह जिस दिन बड़ी अधिकारी बनेगी उसके बाद ही उसके विवाह के बारे में सोचेंगे लेकिन अब यह सब मात्र सपना बनकर रह गया है।



# कैपिटल्स की लगातार चौथी हार, अब प्ले-ऑफ के राह मुश्किल

## मुंबई ने दिल्ली को 9 विकेट से हराया, मुंबई टॉप पर

दुबई ■ एजेंसी

आईपीएल के 13वें सीजन के 51वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 9 विकेट से हरा दिया। दिल्ली की यह लगातार चौथी हार है। इसी के साथ उसने अपनी प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को मुश्किल में डाल दिया है। अब उसे आसानी से प्ले-ऑफ में पहुंचने के लिए अपने अगले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हर हाल में हराना होगा। वहीं, मुंबई ने 18 पॉइंट्स के साथ टॉप-2 अपनी जगह पक्की कर ली है।

दुबई में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने मुंबई को 111 रन का टारगेट दिया। जवाब में मुंबई ने 14.2 ओवर में एक विकेट पर 111 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मुंबई के ओपनर ईशान किशन ने आईपीएल में अपनी छठवीं फिफ्टी लगाते हुए 72 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, दिल्ली के एनरिच नोर्तजे को एक विकेट मिला।

मुंबई के ओपनर क्विंटन डिकॉक और ईशान किशन ने संभलकर खेलते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों ने पावर-प्ले में 38 रन बनाए। इसके बाद ईशान किशन ने आक्रामक शॉट लगाते हुए रनरेट को बढ़ाया। दोनों के बीच 68 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। डिकॉक (26) को आउट कर एनरिच नोर्तजे ने इस साझेदारी को तोड़ा।

### दोनों ओपनर सस्ते में आउट

दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ओपनर शिखर धवन लगातार दूसरे मैच में अपना खाता नहीं खोल सके और मैच के पहले ओवर की तीसरी बॉल पर आउट हुए। इसके बाद पृथ्वी शॉ भी ज्यादा देर टिक नहीं सके और 10 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ओपनर्स को ट्रेंट बोल्ट ने आउट किया।

सीजन में पिछली बार जब मुंबई और दिल्ली का आमना-सामना हुआ था, तब मुंबई ने दिल्ली को 5 विकेट से हराया था। अबु धाबी में सीजन के 27वें मैच में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 162 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई ने 5 विकेट पर 166 रन बनाकर मैच जीत लिया था। इससे पहले दिल्ली ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाए। यह दुबई में सीजन का सबसे छोटा टारगेट है। इससे पहले यहां किंग्स इलेवन पंजाब ने सनराइजर्स हैदराबाद को 127 रन का टारगेट दिया था। वहीं, मुंबई के जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट को 3-3 विकेट मिले। राहुल चाहर और नाथन कूल्टर-नाइल को 1-1 विकेट मिला

### श्रेयस-ऋषभ बड़ा स्कोर नहीं बना सके

दोनों ओपनर्स के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 35 रन की पार्टनरशिप की। दोनों को अच्छी शुरूआत मिली, लेकिन उसे वह बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। अय्यर 25 रन बनाकर राहुल चाहर की बॉल पर आउट हुए। इसके बाद पंत (21) को जसप्रीत बुमराह ने चलता किया।

### रोहित अब भी फिट नहीं

पंजाब के खिलाफ चोटिल हुए मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा अब भी पूरी तरह फिट नहीं हैं। ऐसे में कीरोन पोलार्ड ने लगातार चौथे मैच में टीम की कप्तानी संभाली। रोहित की गैर-मौजूदगी में सौरभ तिवारी को प्लेइंग इलेवन को शामिल किया गया।

### मुंबई में 2 और दिल्ली में 3 बदलाव

मुंबई में 2 बदलाव किए गए। हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया। उनकी जगह जयंत यादव को टीम में शामिल किया गया। इसके अलावा जेम्स पैटिंसन की जगह नाथन कूल्टर-नाइल को प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई। वहीं, दिल्ली में 3 बदलाव किए गए। अजिंक्य रहाणे, अक्षर पटेल और तुषार देशपांडे को टीम में जगह नहीं दी गई। उनकी जगह प्रवीण दूबे, पृथ्वी शॉ और हर्षल पटेल को टीम में जगह दी गई।

## न्यूज. ब्रीफ

### शीर्षक्रम के कारण चिंता में पड़े संगकारा कहा प्लेआफ से बाहर हो सकती है दिल्ली

नई दिल्ली। श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा का मानना है कि आखिरी चरण के मैचों में शीर्ष क्रम के लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेआफ से बाहर रहना पड़ सकता है। पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद दिल्ली लगातार तीन हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई है। उसे अंतिम चार में क्वालीफाई करने के लिए आखिरी दोनो लीग मैच जीतने होंगे। संगकारा ने कहा मैं दिल्ली कैपिटल्स को लेकर बेहद चिंतित हूं। पिछले कुछ मैचों में उनके बल्लेबाज नहीं चल सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली की टीम शीर्षक्रम पर काफी निर्भर है। बाकी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना पा रहे हैं। पता नहीं वह अंतिम चार में क्वालीफाई कर सकेगी या नहीं। उन्होंने कहा कि मुंबई पहुंच ही चुकी है और मुझे लगता है कि आरसीबी भी पहुंच जाएगी। मुझे लगता है कि किंग्स इलेवन पंजाब भी अंतिम चार में होगी। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि चौथे स्थान के लिए पंजाब और राजस्थान में कड़ा मुकाबला होगा। उन्होंने कहा दिल्ली, आरसीबी और मुंबई के अलावा चौथे स्थान के लिए मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और पंजाब के बीच होगा।

### मुंबई इंडियंस दुनिया में सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाली टीम बनी

नई दिल्ली। आईपीएल 2020 में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस का शानदार प्रदर्शन जारी है, वहां प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला मुंबई के लिए यादगार बन गया। मुकाबले में उतरते ही मुंबई इंडियंस ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दरअसल मुंबई इंडियंस दुनिया में सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाली टीम बन गई है। टीम ने इंग्लैड की काउंटी टीम समरसेट का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मुंबई इंडियंस ने अबतक कुल 222 टी20 मैच खेल चुकी हैं। उनसे पीछे 221 मैचों के साथ समरसेट है। इसके बाद हैंपशर ने 217, ससेक्स ने 212 और सरे ने 211 टी20 मैच खेल चुकी है। मुंबई इंडियंस आईपीएल में 200 मुकाबले खेलने वाली पहली टीम भी बन गई है। मुंबई इंडियंस के बाद आरसीबी ने 193 मैच खेल चुकी हैं। केकेआर ने आईपीएल में 191 और दिल्ली कैपिटल्स ने 190 मैच खेल चुकी हैं। बता दें मुंबई इंडियंस आईपीएल की सबसे कामयाब टीम भी है। मुंबई इंडियंस ने 4 बार आईपीएल खिताब जीता है। आईपीएल 2020 में भी मुंबई इंडियंस जिस तरह का खेल दिखा रही है, उससे ऐसा लगता है कि ये टीम पांचवीं बार भी खिताब जीतेगी।

### फ्रेंच मुक्केबाजी टूनार्मेंट में अमित पंघाल और संजीत ने जीते स्वर्ण पदक



नई दिल्ली। विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (52 किलो) और संजीत (91 किलो) ने कोरोना वायरस महामारी के बाद होने वाली पहली प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। फ्रांस के नांतेस में होने वाले अलेक्सिस वेस्टाइन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूनार्मेंट में उन्होंने शीर्ष, स्थान हासिल किया। एशियाई खेल चैम्पियन और राष्ट्रमंडल खेल रजत पदक विजेता अमित ने अमेरिका के रेने अब्राहम को शुक्रवार की रात हुए मुकाबले में 3-0 से हराया। इंडिया ओपन स्वर्ण पदक विजेता संजीत ने फ्रांस के सोहेब बूफिया को मात दी। एशियाई रजत पदक विजेता आशीष कुमार ने 75 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक जीता जब उनके प्रतिद्वंद्वी अमेरिका के जोसेफ जेरोम हिक्स चोट के कारण फाइनल नहीं खेल सके। एशियाई रजत पदक विजेता कविंदर बिष्ट (57 किलो) को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा जो सैमुअल के से 2-1 से हार गए। भारत ने टूनार्मेंट में तीन कांस्य पदक पहले ही जीत लिये हैं। चार बार के एशियाई पदक विजेता शिवा थापा (63 किलो), सुमित सांगवान (81 किलो) और सतीश कुमार (प्लस 91 किलो) सेमीफाइनल में हार गए थे। मार्च में जोर्डन में हुए ओलंपिक क्वालीफायर के बाद भारतीय मुक्केबाजों के लिये यह पहला टूनार्मेंट है।

**आईपीएल 2020: प्लेऑफ के लिए कदम मजबूत करना है तो जीतना होगा पंजाब को मैच**

# पंजाब के लिए 'करो या मरो' का तो प्रतिष्ठा बचाने उतरेगी धोनी की टीम

## राजस्थान रॉयल्स से सात विकेट से हराने के बाद पंजाब की उम्मीदों को करारा झटका लगा है

दुबई ■ एजेंसी

अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार किंग्स इलेवन पंजाब को रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हर हालत में अच्छी जीत दर्ज करनी होगी, जबकि महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई के लिए यह प्रतिष्ठा का ही मुकाबला है। राजस्थान रॉयल्स से सात विकेट से हराने के बाद पंजाब की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। के एल राहुल की टीम ने लगातार पांच मैच जीतकर प्लऑफ की संभावना प्रबल की थी। इस हार के बाद अब पंजाब का भविष्य उसके हाथ में नहीं रह गया है। चेन्नई को हराने के बाद भी उसे दूसरे मैचों के नतीजे अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी।

अगर सनराइजर्स हैदराबाद (12 मैचों में 10 अंक) दोनों मैच जीत लेती है और दिल्ली कैपिटल्स (14) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (14) के बीच मुकाबला जीतने वाली टीम के अंक 16 हो जाएंगे तो ऐसी दशा में अंक या नेट रनरेट के आधार पर भी पंजाब क्वालीफाई नहीं कर सकेगी। सनराइजर्स एक मैच हार जाता है, तो पंजाब के क्वालीफाई करने की उम्मीदें हैं बशर्ते वह कल चेन्नई को हरा दे। पंजाब के फिलहाल 13 मैचों में 12 अंक है और उसका नेट रनरेट माइनस 0.133 है। दूसरी ओर पहली बार प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई चेन्नई जीत के साथ विदा लेना चाहेगी।

धोनी की टीम ने आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लगातार दो मैच जीते हैं। पंजाब के लिए कप्तान राहुल टूनार्मेंट में सर्वाधिक रन बना चुके हैं, जबकि क्रिस गेल शानदार फॉर्म में हैं जो कल 99 रन पर आउट होने का गम भुलाकर उतरना चाहेंगे। वहीं चौथे नंबर पर निकोलस पूरन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। मयंक अग्रवाल के खेलने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है जो चोट के कारण पिछले तीन मैच नहीं खेल सके। रॉयल्स के खिलाफ मोहम्मद शमी समेत पंजाब के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। चेन्नई के खिलाफ वे ऐसी गलती नहीं कर सकते। चेन्नई के लिए 23 वर्ष के रुतुराज गायकवाड़ ने उम्दा प्रदर्शन करके लगातार दो अर्धशतक जमाए हैं। रविंद्र जडेजा भी शानदार फॉर्म में हैं जिन्होंने केकेआर के खिलाफ फिनिशिर की भूमिका निभाई।



**किंग्स इलेवन पंजाब**

केएल राहुल (कप्तान), मनदीप सिंह, क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, निकोलस पूरन, दीपक हुड्डा, क्रिस जोर्डन, मुरुगन अश्विन, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई।

**चेन्नई सुपर किंग्स**

ऋतुराज गायकवाड, शेन वॉटसन, अंबाती रायुडू, एन जगदीशन, एमएस धोनी (कप्तान), सैम कुर्रन, रविंद्र जडेजा, मिशेल सैंटनर, दीपक चाहर, कर्ण शर्मा, लुंगी एगिडी।

## राजस्थान रॉयल्स की नजरें कोलकाता को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने पर

इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ की दौड़ 'अगर मगर' के फेर में फंसी होने के बीच राजस्थान रॉयल्स जीत की लय को कायम रखते हुए रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। आखिरी लीग मैच जीतने के साथ 2008 की चैम्पियन रॉयल्स को दूसरे नतीजे भी अपने पक्ष में रहने की प्रार्थना करनी होगी। उसके लिए किंग्स इलेवन पंजाब का आखिरी मैच हारना और सनराइजर्स हैदराबाद का दो में से एक मैच हारना जरूरी होगा। ऐसे में रनरेट के आधार पर रॉयल्स प्लेऑफ में जगह बना लेंगे।

इससे पहले हालांकि उसे केकेआर को हराना होगा। जीत का अंतर जितना अधिक होगा, स्टीव स्मिथ की टीम उतने ही फायदे में रहेगी। रॉयल्स के स्टार हरफनमौला बेन स्टोक्स फॉर्म में लौट आए हैं जिन्होंने पंजाब के खिलाफ शुक्रवार को दो विकेट लेने के साथ अर्धशतक भी बनाया। विश्व कप 2019 के नायक का समय पर लय में लौटना रॉयल्स के लिए शुभ संकेत हैं। संजू सैमसन भी शुरूआती मैचों वाले प्रवाह में दिख रहे हैं।

कप्तान स्मिथ हालात के अनुरूप खेलने का फन जानते हैं और पिछले मैच में रॉबिन उथप्पा का अनुभव भी काम आया। विरोधी टीम जोस बटलर और राहुल तेवतिया को भी हलके में नहीं ले सकती। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर ने अभी तक कमाल का प्रदर्शन किया है जिन्होंने पिछले मैच में क्रिस गेल को 99 के स्कोर पर बोल्ड किया था। दूसरी ओर केकेआर के लिए प्लेऑफ की राह सबसे कठिन है चूंकि उसका रनरेट सभी टीमों से खराब है।



**राजस्थान रॉयल्स**

बेन स्टोक्स, रॉबिन उथप्पा, संजू सैमसन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), जोस बटलर, राहुल तेवतिया, रियान पराग, जोफ्रा आर्चर, कार्तिक त्यागी, श्रेयस गोपाल, वरुण आरोन।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

शुभमन गिल, राहुल त्रिपाठी, नितीश राणा, इयॉन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, सुनील नारायण, पैट कमिंस, लॉकी फर्ग्यूसन, कमलेश नागरकोटी, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह।

# शीर्ष धावक ले सकते हैं हाफ मैराथन में भाग, दिल्ली हाफ मैराथन 29 नवंबर को

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन आगामी 29 नवंबर को होने की उम्मीद है। इस मैराथन में दुनिया के कुछ शीर्ष धावक भाग ले सकते हैं। इस रेस को आयोजकों ने एलीट धावकों के लिए कोविड-19 मुक्त सुनिश्चित करने के लिए जैविक रूप से सुरक्षित माहौल तैयार करने का वादा किया है। अंतरराष्ट्रीय और भारत के शीर्ष धावक यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रेस शुरू करेंगे जबकि दुनिया भर के एमेच्योर धावक एक्सक्लूसिव दिल्ली हाफ मैराथन मोबाइल ऐप के जरिए उनसे जुड़ेंगे। एमेच्योर धावक अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी जगह से रेस में हिस्सा ले सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मैराथन एवं लंबी दूरी की रेसों के संघ (एआईएमएस) से मान्यता प्राप्त विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की इस रेस की कुल इनामी राशि दो लाख 33 हजार 270 डॉलर है। कोविड-19 के दौरान यह भारत में होने वाली शुरूआती वैश्विक खेल स्पधाओं में से एक है। इस हाफ मैराथन के दौरान भारत सरकार द्वारा जारी अनिवार्य सुरक्षा नियमों का पालन किया जाएगा। इस बार एमेच्योर प्रतिभागियों के पास 25 से 29 नवंबर तक हाफ मैराथन ऐप के जरिये रेस में हिस्सा लेने का मौका होगा। प्रतिभागी की सहूलियत के अनुसार उसे इस दौरान किसी भी समय रेस पूरी करने की स्वीकृति होगी। प्रतियोगिता की वेबसाइट एयरटेल दिल्ली हाफमैराथन.प्रोकैम.इन के जरिए शुक्रवार शाम सात बजे से 27 नवंबर तक हाफ मैराथन, 10 किमी रन और ग्रेट दिल्ली रन (पांच किमी) में पंजीकरण कराया जा सकता है। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि खेल हमेशा से आशा का प्रतीक रहा है और वह इस प्रतियोगिता को लेकर उत्सुक हैं।

# हमारे पास भारतीय टीम को हराने लायक खिलाड़ी इस बार बेहद कठिन होगा मुकाबला: जस्टिन लैंगर

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कोच जस्टिन लैंगर ने कहा भारत के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला बेहद कठिन होगी, लेकिन इस बार चार मैचों की सीरीज जीतने वाली टीम उनके पास है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने प्रमुख बल्लेबाज डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की अनुपस्थिति में 2018-19 में पहली बार भारत के खिलाफ एक घरेलू टेस्ट श्रृंखला गंवाई थी, जो सैंडपेपर गेट विवाद के चलते टीम में नहीं थे। लैंगर ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को दो साल पहले मिली हार का अब सामना नहीं करना पड़ेगा। क्या ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को हराने में सक्षम होगी? इस सवाल पर उन्होंने कहा हां, हमारे सभी खिलाड़ियों के मुंह में कड़वा स्वाद है, जो पिछली बार भारत ने दिया था। लेकिन अब हमारे पास युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। हां, हमें अब भारत को हराने लायक टीम मिल गई है। लैंगर ने इस दौरान विराट कोहली की कप्तानी की भी प्रशंसा की। लैंगर ने कहा कि भारत एक अविश्वसनीय रूप से अच्छी टीम है।

## एक रन से शतक से चूके गेल ने पिच से ही फेंक दिया बल्ला, आईपीएल ने लगाया जुर्माना

दुबई में चल रहे आईपीएल मैचों में मैदान पर अपना जलवा बिखेर रहे किंग्स इलेवन पंजाब के धुरंधर बल्लेबाज क्रिस गेल ने शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान 99 रनों की धुआंधार पारी खेली थी। वह महज एक रन से शतक से चूक गए। टी20 करियर का 23वां शतक नहीं बना पाने के बाद निराशा में उन्होंने अपना बल्ला दूर फेंक दिया। इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है। आईपीएल ने उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज गेल ने अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में तूफानी पारी के दौरान सातवां छक्का लगाकर टी20 में 1000वां छक्का तो पूरा किया, लेकिन वह शतक से चूक गए। इसके बाद उन्होंने अपना बल्ला दूर फेंक दिया था।

**शेयर बाजार** फेसबुक के शेयर 6 प्रतिशत से ज्यादा, जबकि अमेजन और एपल के शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गए

# बाजारों में मार्च के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट

नई दिल्ली ■ ब्यूरो




मार्च के बाद दुनियाभर के बाजारों में सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई है। बाजार के जानकारों के मुताबिक कोरोनावायरस महामारी की दूसरी लहर और अमेरिका में जारी राष्ट्रपति चुनाव से जुड़ी अनिश्चितता के कारण पिछले सप्ताह बाजार में यह गिरावट आई। वैश्विक शेयर बाजारों का MSCI ऑल कंट्री वर्ल्ड इंडेक्स शुक्रवार को समाप्त कारोबारी सप्ताह में 5.3 फीसदी गिरा, जो मार्च के बाद सबसे बड़ी गिरावट है।

फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के S&P 500 इंडेक्स में गत सप्ताह 5.6 फीसदी गिरावट रही। टेक हैवी नैसडेक कंपोजिट में गत सप्ताह 5.5 फीसदी गिरावट दर्ज की गई।

इस दौरान मुनाफावसूली के कारण फेसबुक के शेयर 6 फीसदी से ज्यादा, जबकि अमेजन और एपल के शेयर 5 फीसदी से ज्यादा लुढ़के। यूरोजोन द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े के मुताबिक पूरे महाद्वीप में फिर से कोरोनावायरस महामारी के तेजी से उभार के कारण अनिश्चितता काफी बढ़ गई है। आर्थिक गुट अक्टूबर में लगातार तीसरे महीने डिफ्लेशन की गिरफ्त में रहा। लेबर मार्केट में 5 महीने से दिख रही रिकवरी सितंबर में गायब हो गई और बेरोजगारों की संख्या में 75,000 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कोरोनावायरस संक्रमण में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और दुनियाभर में कोरोनावायरस के मामलों की संख्या बढ़कर 4.5 करोड़ से ज्यादा हो गई है। आर्थिक अनिश्चितता और पेट्रोल-डीजल की मांग पर नए लॉकडाउन के असर के कारण क्रूड को भी बड़ा झटका लगा है। पिछले एक सप्ताह में ब्रेंट क्रूड करीब 10 फीसदी गिरकर शुक्रवार को 37 डॉलर प्रति बैरल तक आ गया।

### भारतीय बाजार में 2.63 फीसदी तक गिरावट दर्ज हुई

भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्स में बीते सप्ताह करीब ढाई फीसदी की गिरावट रही। सेंसेक्स पिछले सप्ताह 1,071.43 अंक यानी 2.63 फीसदी गिरकर 39,614.07 पर बंद हुआ। निफ्टी 287.95 अंकों यानी 2.41 फीसदी की कमजोरी के साथ 11,642.40 पर बंद हुआ। कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण घरेलू बाजार में पूरे सप्ताह कोराबारी रुझान कमजोर रहा और प्रमुख इंडेक्स करीब एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए। इरए मिडकैप सूचकांक बीते सप्ताह 0.48 फीसदी की गिरावट के साथ 14,904.62 पर बंद हुआ। इरए स्मॉलकैप सूचकांक 246.51 अंकों यानी 1.63 फीसदी की गिरावट के साथ 14,888.08 पर बंद हुआ।

**एपल पिछले सात सालों से आईफोन की लांचिंग हर साल सितंबर में करती रही है**

# एपल के मार्केट कैप 450 अरब डॉलर गिरा एक दिन में 120 अरब डॉलर की कमी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

एपल के मार्केट कैपिटलाइजेशन में 450 अरब डॉलर की कमी आई है। यह पहली अमेरिकन कंपनी थी जिसने इसी साल अगस्त में 2 लाख करोड़ डॉलर का मार्केट कैप हासिल किया था। तब से इसके मार्केट कैप में 19 पर्सेंट या 450 अरब डॉलर की कमी आई है। अकेले शुक्रवार को ही इसके एम कैप में 5.6 पर्सेंट की गिरावट दर्ज की गई है। जिससे एक दिन में इसका मार्केट कैप 120 अरब डॉलर घट गया। एपल का मार्केट कैप अब 1.85 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। हालांकि यह अभी भी अमेरिका की सबसे मूल्यवान कंपनी है। पर सितंबर से इसके मार्केट कैप में जितनी गिरावट आई है, वह वीजा इंक के कुल मार्केट कैप से भी ज्यादा है। एपल का वैल्यू थाइलैंड के स्टॉक एक्सचेंज से भी ज्यादा है। दरअसल आईफोन की लांचिंग में देरी से इसके ग्राहकों ने फोन की खरीदी के फैसले को टाल दिया। इस वजह से पिछले दो साल की तिमाही में कंपनी के आई फोन की बिक्री में सबसे ज्यादा गिरावट आई।

### मैक और एयरपॉड्स की बिक्री से रेवेन्यू बढ़ा

मैक और एयरपॉड्स की बढ़ती बिक्री ने हालांकि रेवेन्यू और लाभ को बढ़ाया। लेकिन आईफोन की बिक्री 20.7 प्रतिशत गिरकर 26.4 बिलियन डॉलर हो गई। निवेशकों को कैलिफोर्निया में कंपनी के बेस्ट सेलिंग उत्पाद से कम बिक्री की उम्मीद है। एपल इस साल अभी भी बिक्री की उम्मीदों को जीवित रखी है क्योंकि इसने लॉकडाउन में भी कुछ और प्रोडक्ट और सर्विसेज लांच की।

### आईफोन-12 को 13 अक्टूबर को लांच किया

बता दें कि आईफोन 12 की घोषणा करने में 13 अक्टूबर तक की देरी हो गई। एपल कंपनी का शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर एक समय 5 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया। इससे इसके मार्केट कैपिटलाइजेशन में 100 अरब डॉलर की कमी आई। बता दें कि साल 2013 के बाद से एपल हर साल सितंबर महीने में ही अपने आईफोन की सीरीज लॉन्च करती आई है। लेकिन महामारी के चलते इस बार एपल ऐसा नहीं कर सकी और उसकी नई सिरीज की लॉन्चिंग में एक महीने से ज्यादा की देरी हो गई। यही नहीं, अभी इन डिवाइसेज का शिपमेंट किया जाना बाकी है।

## एक नजर...



## युवाओं ने रैली के माध्यम से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

ग्वालियर । विधान सभा चुनाव में वोटिंग का प्रतिषत बढ़ाने के बाद अब 2019 में लोकसभा चुनाव हेतु वोटिंग का प्रतिषत और बढ़ सके। इसके लिये प्रयास अभी से करने होंगे। जिसके तहत माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जिसके लिये माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक शपथ का कार्यक्रम माधव महाविद्यालय में डॉ. संजय पाण्डेय वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के निर्देशन में आयोजित किया गया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर हनुमान चौराह, जनकगंज, मोर बाजार, गांधी मार्केट, महाराज बाड़ा होते हुये एक मानव श्रृंखला के रूप में परिवर्तित हो गई। यह रैली कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में निकाली गई। डॉ. पाण्डेय ने बताया कियुवा हमारे देष को विकास की ओर अग्रसर करने के लिये लोकतंत्र की मजबूती आवष्यक है। जिसके लिए चुनाव-2020 में हम अपना अमूल्य मत अपना कर्तव्य मानकर करें तथा दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। युवा हमारे देष की शक्ति व पहचान है। जिसके लिए जिला निर्वाचन ग्वालियर द्वारा महाविद्यालयीन युवाओं के सहयोग से एक मानव श्रृंखला जीवाजी चौक महाराज बाडे पर बनाई गई। मानव श्रृंखला के बाद शपथ सभी छात्र/छात्राओं एवं आम नागरिकों को दिलाई गई।वमानव श्रृंखला का उद्देष्य ही जन जागरूकता फैलाना होता है क्योंकि हम एक दूसरे का हाथ पकडकर चैन के रूप में खडे रहते हैं और जागरूकता का अभियान इस चैन के रूप में चलाते है। मानव श्रृंखला के बाद सभी स्वयंसेवक एक षपथ के लिये एकत्रित हुये। यह शपथ आर. के. पाण्डेय सभी स्वयंसेवकों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने के लिये दिलाई। षपथ में हम एकजूट होकर मतदान के प्रतिषत को बढ़ाने के लिये प्रयास करेंगे ही साथ ही साथ बिना किसी प्रलोभन के निर्भीक होकर मतदान करेंगे। युवाओं के देष भारत में हम सब युवा लोकतंत्र में मजबूत स्तंभ की तरह है क्योंकि लोकतंत्र ने हम सब लोगों को बहुत सारे अधिकार दिये हैं, जिसमें एक अधिकार मतदान का है। कार्यक्रम में मुकुल सप्रे, विष्णु बाथम, स्वयंसेवक करण बरूआ, अंकुर चौरसिया, तरूण रोहिरा, अंजली, योगेश्वर माहौर, वैष्णवी तलेगांवकर, लितेश कटारे, भूरा सिंह, वैष्णवी शर्मा, यश किरार, अनुभव दीक्षित, अंकुश अरोरा, हेमन्त माँझी, अनिरूद्ध शर्मा, प्रियंका किरार आदि लोग उपस्थित थे।

## अतिरिक्त आय के लिये पशुपालन अपनाएं किसान पशुधन बीमा योजना लागू

**श्योपुर।** किसान पशुपालन अपना कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। पशुधन बीमा योजना लागू होने से पशुपालन व्यवसाय में पशुधन हानि की भरपाई संभव हो गई है। यह योजना सभी जिलों में लागू है। पशुधन बीमा योजना में दुधारू पशु के साथ सभी श्रेणी के पशुधन का भी बीमा कराया जा सकता है। एक हितग्राही अधिकतम 5 पशुओं का बीमा करा सकता है। भेड़, बकरी, शूकर आदि में 10 पशुओं की संख्या को एक पशु इकाई माना जाएगा। इससे यह आशय है कि भेड़, बकरी एवं शूकर पालक एक बार में 50 पशुओं का बीमा करा सकेंगे। बीमा प्रीमियम पर एपीएल श्रेणी को 50 प्रतिशत तथा बीपीएल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पशु पालकों को 70 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। शेष राशि हितग्राही द्वारा दी जायेगी। बीमा प्रीमियम की अधिकतम दर एक वर्ष के लिये 3 प्रतिशत तथा तीन वर्ष के लिए 7.50 प्रतिशत देय होगी। प्रदेश में वर्तमान में 2.45 प्रतिशत तथा 5.95 प्रतिशत दर लागू है। पशुपालक अपने पशुओं का बीमा एक वर्ष से लेकर तीन वर्ष तक के लिये करा सकेंगे। बीमित पशुओं के पालकों को पशु की मृत्यु की सूचना 24 घंटे के भीतर बीमा कंपनी को देना होगी। पशुपालन विभाग के चिकित्सक शव का परीक्षण करेंगे और रिपोर्ट में मृत्यु के कारणों का उल्लेख करेंगे। बीमा कंपनी को अधिकारी एक माह के अंदर दावे संबंधी प्रपत्र प्रस्तुत करेंगे। उसके बाद कंपनी 15 दिन में दावे का निराकरण करेगी।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सीमावर्ती नाका एवं मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**दतिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी. विजय दत्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री गुरूकरण सिंह ने 3 नवम्बर को भाण्ड़ेर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अ.जा.) में प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होने वाले मतदान के संबंध में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने चंद्रोल, भर्रोली, सालौन ए, विच्छौंदना आदि मतदान केन्द्रों के साथ अंतर्राज्यीय शाहपुर मोठ बार्डर का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान मतदाताओं से अपील की वे अपना मतदान स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर करें। किसी के दबाव एवं प्रलोभन में न आए। उन्होंने कहा कि मतदाता कोविड-19 गाईड का भी पूर्ण रूप से पालन करें और मतदान हेतु मास्क अवश्य लगाकर पहुंचे।

# सिंधिया के समर्थन में थामा भाजपा का हाथ

**राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में भाजपा नेता संतोष तिवारी लश्करी महंत की अगुवाई में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता भाजपा में हुए शामिल**

संदीप प्रधान ब्यूरो

दतिया / राज्यसभा सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में भाजपा नेता संतोष तिवारी लश्करी महंत की अगुवाई में सेवढा जनपद अध्यक्ष किरन बांके विहरी शर्मा ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए । जानकारी के अनुसार कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे संतोष तिवारी लश्करी महंत की धुआंधार एंट्री ने एक तरफा भाजपा के पक्ष में कांग्रेस के जनाधार नेताओ को भाजपा में शामिल करा रहे है। माना जा रहा है कि गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के सबसे करीबी भाजपा नेता संतोष तिवारी लश्करी महंत लगातार भाजपा के लिए धुआंधार प्रचार कर रहे है अव तक उन्होंने कई कांग्रेस नेताओ को भाजपा में शामिल करा दिया है। जिनमे मुख्य रूप से सेवढा जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण बांके विहारी शर्मा,



**पोरसा जनपद सदस्य भारती दयाराम कुशवाह,**

कुल्हारिया वैंदा से जनपद सदस्य माता प्रसाद पटेल,योगेन्द्र सिंह राजपूत सरपंच धमना,विनोद अहिरवार सरपंच कड़ोर खिरिया,बहदुर सिंह यादव पूर्व सिचाई अध्यक्ष सरसई,महिला कांग्रेस की ब्लॉक महामंत्री अंजलि विश्वकर्मा आदि शामिल है ।इन्होंने भाजपा नेता संतोष तिवारी लश्करी महंत के विशेष प्रयास से कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए ।

# मतदान दल के सदस्यों को मतदान सामग्री का वितरण होगा आज

### तीन ब्लाकों से मिलेगी मतदान सामग्री

**दतिया।**दतिया जिले के भाण्ड़ेर विधानसभा उपनिर्वाचन में 3 नवम्बर को मतदान सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त किए मतदान दल के सदस्यों को 2 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से शासकीय पॉलीटैक्निक कॉलेज दतिया में मतदान सामग्री एवं कोविड-19 संक्रण को रोकने हेतु सामग्री प्रदाय की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी. विजय दत्ता ने मतगणना सामग्री वितरण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री वितरण के दौरान मतदान दल के सदस्यों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मतदान दल के सदस्यों को सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर सेनेटाईज की पूर्ण व्यवस्था के साथ-साथ सोशल डिस्टेंस का भी पालन किया जायेगा। मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने हेतु एवं उन्हें वापिस लाने के लिए 80 बसों एवं 50 चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गई है। इन सभी वाहनों को सेनेटाईज किया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गुरूकरण सिंह, अपर कलेक्टर श्री एसएस रावत, एडीशनल एसपी श्री कमल मौर्य, रिटर्निंग ऑफीसर भाण्ड़ेर श्री अरविन्द सिंह माहौर आदि उपस्थित थे। भाण्ड़ेर विधानसभा क्षेत्र (अ.जा.) में 3 नवम्बर को 260 मतदान केन्द्रों पर मतदान कार्य सम्पन्न कराए जाने हेतु नियुक्त किए गए मतदान दल के सदस्यों को सामग्री वितरण हेतु शासकीय पॉलीटैक्निक कॉलेज दतिया के प्रांगण में 32 सेक्टरों को 3 ब्लाको में विभाजित किया गया है। ए ब्लाक में 1 से 10 सेक्टर के, बी ब्लाक में 11 से 20 सेक्टर के और सी ब्लाक में 21 से 32 सेक्टर के तहत् आने वाले मतदान केन्द्रों के दलों को निर्धारित टेबिल पर मतदान सामग्री का वितरण 2 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से प्रदाय किया जायेगा। आज 1 नवम्बर को मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान उपरांत सामग्री प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदा किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि 2 नवम्बर को सामग्री वितरण कार्य में लगे दल के सदस्यों को प्रातः 6.30 बजे सामग्री वितरण केन्द्र पर उपस्थित होना होगा जबकि 3 नवम्बर को मतदान उपरांत सामग्री प्रापत करने वाले दल के सदस्यों को अपरान्ह 4 बजे केन्द्र पर उपस्थित होना होगा।

## आकाश बरूआ बने सहमंत्री एबीवीपी कार्यकारिणी घोषित

अमित शर्मा रिपोर्टर



**ग्वालियर।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद द्वारा ग्वालियर हजीरा भाग की कार्यकारिणी की घोषणा महानगर अध्यक्ष आशीष शर्मा ,प्रांत सहमंत्री अनमोल व्यास तथा महानगर सहमंत्री ऋषभ शर्मा द्वारा घोषित की गई जिसमें युवा समाजसेवी आकाश बरूआ को भाग सहमंत्री का दायित्व मिला श्री बरूआ विगत चार वर्षो से युवा उत्थान तथा शहर मैं अपनी समाजिक गतिविधियों के कारण चर्चा मैं रहते है उनके कार्यो को देखते हुए संघठन ने यह निर्णय लिया हजीरा भाग संयोजक संतोष त्यागी ,भाग अध्यक्ष प्रमोद राजवात ,भाग मंत्री ब्रजकिशोर तोमर को मनोनीत किया किया गया इसके साथ ही झलकारीबाई नगर और कोटेश्वर नगर की भी कार्यकारिणी घोषित हुई इस अवसर पर विधार्थी परिषद के नितिन भार्गव ,शिवम अरेले,लीना शर्मा, विनोद सहित सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।।

## नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर के चेयरमैन श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर की कक्षा 6वी में प्रवेश लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसके अंतर्गत दस्तावेजो की आवश्यक के अनुरूप आवेदन करते समय वेबसाइट पर अपलोड किए जाएँगे। ऑनलाइन आवेदन प्रमाण पत्र जो कि आवेदक एंव परिजन के हस्ताक्षर सहित अध्ययनरत विद्यालय के संस्था प्रधान से प्रमाणित होना अनिवार्य है। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर श्री केके कटियार ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 6वी में प्रवेश लेने के लिए वेबसाइट पर आवेदन अपलोड करते समय आवेदक की फोटो, आवेदक के हस्ताक्षर, परिजन के हस्ताक्षर, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता के अनुसार, आवेदक वर्तमान सत्र 2020 -21 में जिले की किसी भी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए। आवेदन करते समय आवेदक की जन्म तिथि 01-05-2008 से 30-04-2012 (दोनों तिथियाँ भी शामिल रहेगी।

# मतदान सामग्री लेकर रवाना होंगे मतदान दल

**कलेक्टर ने लिया मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा**

**ग्वालियर।** जिले में विधानसभा उप चुनाव के लिए सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान दलों को 2 नवम्बर को एमएलबी. कॉलेज से प्रातः 5 बजे से वीवीपैट एवं ईवीएम सहित सभी प्रकार की मतदान सामग्री वितरित की जायेगी। इसके बाद विशेष वाहनों से मतदान दलों को उनके मतदान केन्द्रों के लिये रवाना किया जायेगा। ज्ञात हो 3 नवम्बर को जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं 19-डबरा (अजा) में प्रातः 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक मतदान होगा। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 285 सहायक मतदान केन्द्रों सहित कुल 1188 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 8 लाख 30 हजार 603 मतदाता हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने रविवार की शाम एमएलबी कॉलेज पहुँचकर मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था के नोडल अधिकारी श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

**एमएलबी कॉलेज से मतदान सामग्री लेकर रवाना होंगे मतदान दल**-मतदान सामग्री वितरित करने के लिये एमएलबी कॉलेज परिसर में विधानसभा क्षेत्रवार काउण्टर और मतदान दलों के सहयोग के लिये उदघोषणा कक्ष बनाए गए हैं। मतदान सामग्री वितरण व संकलन के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के मान से दो प्रकार के काउण्टर बनाए गए हैं। एक काउण्टर पर ईवीएम, वीवीपैट एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रपत्र वितरण का काम होगा। दूसरे काउण्टर से शेष सामग्री वितरित की जायेगी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर के लिये 16-16 काउण्टर, विधानसभा क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व के लिये 18-18 काउण्टर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 19-डबरा (अजा) के लिये 13-13 काउण्टर बनाए गए हैं। हर काउण्टर पर 8 अधिकारी-कर्मचारी सामग्री वितरण व प्राप्ति के लिये तैनात रहेंगे। मतदान दलों को मतदान सामग्री की थैली के लिये कहीं जाने की जरूरत नहीं रहेगी उन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के काउण्टर के समीप निर्धारित किए गए स्थल पर ही वितरण में लगे कर्मचारी यह थैली प्रदान करेंगे। मतदान सम्पन्न होने के पश्चात मतदान सामग्री एमएलबी कॉलेज में ही जमा की जायेगी। यहीं पर विधानसभा क्षेत्रवार बनाये गये स्ट्रांग रूम में ई व्ही एम. कड़ी सुरक्षा के बीच सील्ड कर रखी जायेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक पहुँचाने एवं मतदान के पश्चात वापस एमएलबी कॉलेज तक लाने के लिये 25 रिजर्व बसों सहित कुल 273 बसों का अधिग्रहण किया गया है।

# भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती है :कमलनाथ

सतीश के समर्थन में आयोजित पैदल रैली में उमड़ा जन सैलाब, हुआ जोरदार स्वागत

ग्वालियर। कॉग्रेस के प्रदेष अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती है। भाजपा ने हमेषा सर्वहारा वर्ग की भलाई के लिए कोई काम नही किया है। भाजपा के नेता झूठ बोलकर जनता में भ्रम फैलाते है, भाजपा झूठ बोलने की मषीन है। जबकि कॉग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। साथ ही ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिकरवार ने कहा है कि जनता 3 नबम्वर को बिकाऊलाल को सबक सिखाऐगी। उन्होने कहा कि जिन लोगों ने आपका वोट बेचा है, उन्होने एक तरह से आपका अपमान किया है। मैं आपको विष्वास दिलाता हूँ कि मैं आपके वोट, मान-सम्मान की रक्षा करूँगा। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज जनसम्पर्क एवं पैदल रैली के दौरान आमजन से रूवरू होते हुये कही। यह चुनाव क्षेत्र की विकास व प्रगति की दिषा तय करेगा, आप का आर्षीवाद ही मेरी ऊर्जा और षक्ति है। मेरे जीवन का एक ही लक्ष्य है, वो है आप लोगों की सेवा करना, जो मैं जीवनभर करता रहूँगा। उन्होने कहा कि मैनें हमेषा राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया और सर्वजन सुखाए-सर्वजन हिताए के संक्लप को लेकर सर्वहारा वर्ग में काम किया है। मैं आपको विष्वास दिलाता हूँ कि हमेषा की तरह आगे भी आपके सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहूँगा। डॉ.



सिकरवार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में प्रदेष का चहुमुॅखी विकास हुआ है और यह विकास का पहिया और तेज गति से घूमेंगा। लेकिन उसके लिए कमलनाथ को फिर से मुख्यमंत्री बनाना होगा। आज दोपहर करीब 1 बजे ब्लॉक कॉग्रेस कार्यालय बारादरी चौराहा मुरार पर हजारों कार्यकर्ता एवं आमजन की भीड कॉग्रेस के प्रदेष अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में एकत्रित हुई और वहां से सदर बाजार, अग्रसेन चौराहा, दूसरी पट्टी से वापसी, गिर्राज जी मंदिर तक फिर बजाज खाना, खुला संतर, ठण्डी सड़क होते हुये वापस बारादरी कॉग्रेस कार्यालय पर रैली का समापन हुआ। जैसे की रैली ब्लॉक कॉग्रेस कार्यालय से षुरू हुई तो कॉग्रेस पार्टी के हजारों झण्डे हवा में लहरा रहे थे। रैली में हजारों महिला-पुरूश कार्यकर्ताओं द्वारा कॉग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद, सतीष सिकरवार जिंदाबाद के नारे लगाये जा रहे थे। रैली के दौरान जनता द्वारा जगह-जगह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार पर फूलों की वर्शा की गई एवं पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया गया और कार्यकर्ता द्वारा जगह-जगह आतिषबाजी भी की गई।

## 12 दिसंबर से शुरू होगी श्री राम पथ यात्रा विशेष ट्रेन

भोपाल (अर्पित गुप्ता) श्री राम पथ यात्रा ट्रेन के जरिए पर्यटकों को अयोध्या, प्रयागराज और चित्रकूट के तीर्थस्थलों के दर्शन करने का मौका मिलेगा, यह यात्रा 5 रात और 6 दिनों की होगी। स्लीपर कोच वाले इस ट्रेन से सफर करने के लिए प्रति यात्री 5,670 रुपए किराया लिया जाएगा। स्टेशन से पर्यटन स्थलों तक नॉन एसी बसें रहेंगी, इस यात्रा की बुकिग ढ्रत्र्श्ष्ट की वेबसाइट से की जा सकती है, इस पैकेज में शाकाहारी भोजन के साथ ठहरने की व्यवस्था नॉन एसी धर्मशालाओं में की जाएगी, इस ट्रेन में देहरादून के अलावा यात्री हरिद्वार, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, हाथरस, टुंडला और इटावा स्टेशन से ट्रेन में बैठ सकेंगे। इस यात्रा में श्रद्धालु अयोध्या में रामजन्म भूमि, हनुमान गढ़ी के साथ ही सरयू तट पर शाम की आरती देख सकेंगे।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान वितरण सामग्री स्थल का किया निरीक्षण

दतिया। दतिया जिले के भाण्ड़ेर (अ.जा.) विधानसभा उपनिर्वाचन हेतु 3 नवम्बर 2020 को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों को सामग्री प्रदाय की सभी व्यवस्थायें एवं तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी. विजय दत्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री गुरूकरण सिंह ने शनिवार को मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटैक्निक महाविद्यालय दतिया से मतदान दलों को 2 नवम्बर को प्रदाय की जाने वाली सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एसएस रावत, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक सिंह चौहान सहित संबंधित अधिकारीगण आदि साथ थे।

TOMAR ASSOCIATES

शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये

नवरात्री के अवसर पर विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध

ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युक्त पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध हैं।

500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट

नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।

नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी ।

कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक

पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.

मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.

मुद्रक : भारत प्रिंटर्स, गिर्राज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm. (Min. size 5×3)

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज 12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478